अमृत विचार

मुरादाबाद, शनिवार, 4 अप्रैल 2026



## पुलिस के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर पुलिस ने रंगदारी वसूली के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खुद को पुलिस से जुड़ा बताकर मुकदमे में राहत दिलाने के नाम पर पीड़ित पक्ष से लाखों रुपये वसूल रहा था।

प्रभारी निरीक्षक कटघर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद फारूख का नाम निकलवाने और राहत दिलाने के नाम पर उसके परिजनों को डरा-धमका रहा था।इसी बहाने आरोपी इकराम कुरैशी ने पीड़ित के साले इरफान अंसारी से पुलिस के नाम पर कुल 1,69,999 रुपये वसूल लिए, जिसमें 1,14,999 रुपये खाते में और 55,000 रुपये नकद शामिल हैं।इस संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा तीन अप्रैल को थाना कटघर में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर आरोपी इकराम कुरैशी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने आरोपी इकराम कुरैशी को मैदा मिल कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से रंगदारी के 10,300 रुपये नकद, एक प्रेस कार्ड, दो आधार कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# बिना लाइसेंस चल रहे छह स्पा सेंटरों पर जड़े ताले, दो गिरफ्तार

## शहर में नगर मजिस्ट्रेट ने पुलिस टीम के साथ की छापेमारी, कार्रवाई से मची अफरा-तफरी, स्पा सेंटरों के संचालन की शिकायत पर सख्त हुआ प्रशासन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटरों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को छापेमारी करते हुए कड़ी कार्रवाई की है। इसमें बिना एनओसी व बिना लाइसेंस के संचालित छह स्पा सेंटर को बंद कर दिए हैं। जबकि दो संचालकों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया।

शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे सिविल लाइंस क्षेत्र में नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने आधा दर्जन स्पा सेंटरों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नगर पालिका परिषद, फायर विभाग, मिशन शक्ति टीम और सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौजूद रही। जांच में पाया कि इन स्पा सेंटरों के पास नगर पालिका की अनुमति और फायर विभाग की अनिवार्य एनओसी नहीं थी। इसके अतिरिक्त, अन्य आवश्यक अनुज्ञप्तियां भी अनुपस्थित मिलीं। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और नियमों के गंभीर उल्लंघन के कारण प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सभी स्पा सेंटरों का संचालन बंद करा दिया। इनमें गन्ना सोसाइटी, शौकत अली रोड स्थित मान रोज थैरेपी स्पा, आवास विकास स्थित गोल्ड क्लासिक स्पा एंड सैलून, फ्रेंड्स कॉलोनी और शौकत अली रोड स्थित गोल्ड हैंड स्पा सेंटर, मुर्तजा रोड स्थित मैंगो स्पा सेंटर और एलआईसी रोड स्थित प्रियंका लीफ स्पा पार्लर शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद अन्य इलाकों में संचालित स्पा सेंटर संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में जिला अमरोहा निवासी बछरायूं थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी हिमांशु और मुरादाबाद थाना मझोला मलगढ्ढा गांव निवासी सागर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, उसके बाद जेल भेज दिया। मामले में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।



सिविल लाइंस क्षेत्र में स्पा सेंटर में जानकारी लेती टीम। ● अमृत विचार



स्पा सेंटरों पर छापेमारी के दौरान मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार





स्पा सेंटर से सामान लेकर नीचे आती युवती। ● अमृत विचार

### अधिकारी बोले, कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी

स्पा सेंटरों में लगातार शिकायत आने के बाद ये कार्रवाई की गई है। स्पा सेंटरों में अनैतिक कार्यों के की शिकायत को देखते हुए प्रशासन ने ठोस कदम उठाया। फिलहाल छह स्पा सेंटरों को बंद कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा। नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी स्पा सेंटर हा या अन्य प्रतिष्ठान को बख्शा नहीं जाएगा। शहर में इस कार्रवाई को सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक आवश्यक कदम माना जा रहा है।



सिविल लाइंस पुलिस की हिरासत में स्पा संचालक। ● अमृत विचार

# नौकरी करने रूस गया फतेहगंज का युवक सेना में हुआ भर्ती, युद्ध में मौत

**संवाददाता, मसवासी**

● **स्थानीय पुलिस ने कहा, जानकारी नहीं जांच करके पता लगाएंगे**

**अमृत विचार:** चौकी क्षेत्र के गांव सीतारामपुर के मजरा फतेहगंज निवासी एक युवक की रूस-यूक्रेन युद्ध में मौत हो जाने से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। युवक करीब आठ महीने पहले रोजगार के सिलसिले में रूस गया था, जहां वह कथित तौर पर एक होटल में वेटर की नौकरी करने वाला था, लेकिन बाद में वह सेना में भर्ती होकर युद्ध में शामिल हो गया। यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष के दौरान गोली लगने से उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद परिवार के लोग सदमे में हैं।



मृतक शावेद।

फतेहगंज निवासी दूल्हा हसन का 22 वर्षीय पुत्र शावेद इंटरमीडिएट पास था और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से विदेश गया था। परिजनों का आरोप है कि उसे रूस में होटल में काम दिलाने का झांसा दिया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद वह किसी बिचौलिए के बहकावे में आकर सेना में भर्ती हो गया और युद्ध क्षेत्र में तैनात कर दिया गया। परिवार के लोग युवक का शव लेने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट रवाना हो गए हैं, हालांकि खबर लिखे जाने तक शव के भारत पहुंचने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मृतक चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। परिवार कृषि कार्य और पशुपालन कर किसी तरह अपना गुजारा करता है। गांव में घटना के बाद गहरा मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों और परिजनों ने युवाओं से अपील की है कि विदेश में नौकरी के नाम पर किसी बिचौलिए के बहकावे में न आएं और केवल अपने निर्धारित कार्य तक ही सीमित रहें। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बेहद दुखद और चिंताजनक मामला है, जिसमें एक भारतीय युवक दूसरे देश के युद्ध में शामिल होकर अपनी जान गंवा बैठा। मामले में सीओ स्वार अतुल कुमार पांडे ने बताया कि इसकी आधिकारिक कोई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन मामला वाकई गंभीर है। इसकी जानकारी ली जा रही है।

## टीएमयू के छात्रों को चरस बेचने वाला गिरफ्तार, जेल भेजा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** टीएमयू के छात्रों को चरस बेचने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है। थाना क्षेत्र के कस्बे के पंचायत घर के पीछे के निवासी राशिद को पुलिस ने चेकिंग के दौरान लोहिया वन सोसाइटी के सामने से सेक्टर- 5 नया मुरादाबाद की ओर जाने वाले रास्ते पर रोका तो वह भागने लगा। जिस पर उन्होंने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 1 किलो 66 ग्राम चरस मिली। पूछताछ पर उसने बताया कि वह नशीले पदार्थ का सेवन करता है। इसे टीएमयू के छात्रों को भी बेचता है। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

# पुरानी रंजिश में दो गुटों के बीच फायरिंग, क्षेत्र में दहशत

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

● **पुलिस पहुंची तो आरोपी वाहनों से हुए फरार, एक गोली लगने से घायल**

● **पुलिस ने दोनों गुटों के नौ लोगों को किया नामजद**

**अमृत विचार :** दोस्तों के बीच महानगर के एक होटल की गई शराब पार्टी में सनी और अर्णव के बीच किसी बात पर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद गुरुवार की रात एक बजे सनी और अर्णव के गुटों के बीच कांठ रोड पर कई राउंड फायरिंग की गई। सड़क के बीचोबीच फायरिंग से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। गोलीबारी में एक युवक गोली लगने घायल हो गया। सीओ सिविल लाइन और एसपी सिटी रणविजय सिंह मौके पर पहुंचे। घायल युवक को ले जा रहे साथियों को दबोच लिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों गुटों के नौ लोगों पर नामजद और पांच-पांच अज्ञात के के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में गुरुवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब किला तिराहा स्थित एक प्रसिद्ध मिष्ठान की दुकान के सामने दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश में जमकर फायरिंग हो गई। फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर छिपने लगे। सूचना पर मौके पर पुलिस के अधिकारी भी पहुंचे। रामगंगा विहार चौकी प्रभारी दीपक पवार ने दोनों गुटों को नौ लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी। बताया कि चेकिंग के दौरान उन्हें सोनकपुर स्टेडियम के पास दो गुटों के बीच गोलीबारी होने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस पहुंची तो दोनों पक्ष के द्वारा एक-दूसरे पर अवैध असलहा से ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही थी। जिसमें एक पक्ष के लकी सैनी नामक युवक को गोली लगी थी और उसके साथी उसे लेकर भाग रहे थे। पुलिस को देखकर घायल को छोड़ भाग गए, पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे चिकित्सक ने रेफर कर दिया।पुलिस की ओर दोनों के गुटों के नौ लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें एक पक्ष की ओर से सौरभ उर्फ सनी, अपिल चौहान, लकी सैनी, ध्रुव धवन समेत अन्य लोग शामिल थे, जबकि दूसरे पक्ष से विशाल चौधरी उर्फ खुशी उर्फ चुहिया, अर्णव, हर्ष चौधरी उर्फ जानी और अर्पित चौधरी सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। सभी आरोपी जानलेवा हमला करने की नीयत से एक-दूसरे पर गोली चला रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सभी आरोपी अपने-अपने वाहनों से फरार हो गए।



अस्पताल में भर्ती घायल लकी सैनी।

दोनों गुटों के सभी सदस्य पहले दोस्त बताए जा रहे हैं। जिसमें सनी और अर्णव के बीच किसी बात पर झगड़ा हुआ था जिसके बाद एक दूसरे पर जानलेवा हमला करने की नीयत से फायरिंग की गई। एक युवक को गोली लगी है। बाकी फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश जारी है।

**-कुमार रणविजय सिंह**, एसपी सिटी

# आबादी में ई-कचरा जलाने से बढ़ रहा प्रदूषण

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र की सीमा से सटे कटघर कोतवाली इलाके में सीमावर्ती क्षेत्र में आबादी के बीच अवैध रूप से ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरा) जलाने का कारोबार चल रहा है। थाना सीमा विवाद का फायदा उठाकर कारोबारी रामगंगा नदी के किनारे खुले में भट्ठियां जलाकर जहरीला धुआं फैला रहे हैं, जिससे आसपास के परिवार सांस, फेफड़े व त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।

कारोबार का नेटवर्क दिल्ली, मुंबई, कोलकाता तक फैला है। इन शहरों व अन्य जगहों से मुरादाबाद में ट्रकों में सर्किट बोर्ड, पुराने मोबाइल, कंप्यूटर पार्ट्स, टीवी, फ्रिज के पुर्जे आदि ई-कचरा लाया जा रहा है। भोजपुर कस्बे से सटी कटघर कोतवाली सीमा पर नदी किनारे बसे ताजपुर गांव में 8-10 अवैध भट्ठियां दिन-रात चालू रहती हैं। यहां कचरे को लकड़ी व टायर के साथ जलाकर कॉपर, एल्युमिनियम जैसी धातुएं निकाली जाती हैं, जो दिल्ली के रिसाइक्लिंग बाजारों में बिकती हैं। एक ट्रक ई-कचरा 2-तीन लाख रुपये का कारोबार पैदा करता है। कारोबारी रात में काम करते हैं जिससे धुआं फैले और नजरअंदाज हो जाए। ई-कचरा कारोबारी कटघर और भोजपुर थाना की सीमा विवाद का भरपूर फायदा उठा रहे हैं। भोजपुर थाने व कटघर कोतवाली की सीमाएं आपस में सटी होने से कारोबारी एक थाने की जवाबदेही दूसरे पर डाल देते हैं। जब भोजपुर पुलिस कार्रवाई करती है तो कारोबारी कटघर सीमा में भाग जाते हैं।



भट्ठियों से निकलता धुआं। ● अमृत विचार

● **कटघर कोतवाली क्षेत्र के रामगंगा नदी किनारे और भोजपुर थाना क्षेत्र में चल रहा अवैध धंधा**

### स्वास्थ्य पर असर

रामगंगा नदी किनारे बसे भोजपुर, कटघर व आसपास के गांवों में बच्चों व महिलाओं में सांस फूलना, खांसी, आंखों में जलन जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। जहरीले धुएं से निकलने वाले डाइऑक्सिन व फ्यूरान जैसे केमिकल कैंसर व न्यूरोलॉजिकल बीमारियां पैदा कर रहे हैं। नदी का पानी भी दूषित हो गया है, जिससे मछलियां मर रही हैं और खेती प्रभावित हो रही है।

### प्रशासन से सख्ती की आस

नागरिक संगठनों ने डीएम व एसएसपी से मांग की है कि थानों की संयुक्त टीम गठित कर भट्ठियां ध्वस्त करें, ट्रकों की चेकिंग हो, प्रदूषित इलाकों में स्वास्थ्य शिविर लगे। दोषी कारोबारियों पर एनएसए के तहत कार्रवाई हो। पर्यावरणविदों का कहना है कि ई-वेस्ट प्रबंधन नियम 2022 का उल्लंघन हो रहा है, जिसमें खुले जलाने पर पांच साल की सजा व भारी जुर्माना है। प्रशासन को इस पर सख्ती करनी चाहिए।

## कार्यकारिणी में स्थान न मिलने से बिश्नोई समाज नाराज

**कांठ, अमृत विचार :** भाजपा हाई कमान द्वारा भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद की बीती रात जिला कार्यकारणी घोषित किए जाने के उपरांत अब पार्टी सवालों के घेरे में आ चुकी है बिश्नोई समाज को जिला कार्यकारिणी में स्थान न मिलने को लेकर आज समाज में नाराजगी है। मंदिर में बैठक बुलाई है। बिश्नोई समाज शुरू से ही भाजपा समर्थित माना जाता है। समाज के लोग काफी समय से विधानसभा टिकट देने की मांग करते आ रहे हैं मगर पार्टी ने बिश्नोई समाज को टिकट न देकर कुछ पदों पर जरूर स्थान दिया था। समाज ने इस पर भी संतोष व्यक्त किया लेकिन गुरुवार की रात जारी सूची में शामिल एकमात्र राजन बिश्नोई को भी जगह न मिलते देख पार्टी के प्रति लोगों ने सवाल खड़े कर दिए। युवाओं का कहना था कि आखिर बिश्नोई समाज के लोगों को जिला कार्यकारिणी में जगह न देने की क्या वजह हुई है।

# जाली नोट मामले में आरोपी को 10 साल की सजा

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

● **15 वर्ष बाद आया फैसला, रामपुर का रहने वाला है दोषी**

**अमृत विचार:** शहर कोतवाली क्षेत्र से जुड़े 15 साल पुराने जाली नोट प्रकरण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

दरअसल 13 जून 2011 को कोतवाली में तैनात तत्कालीन दरोगा वीआर विक्रम पुलिस टीम के साथ मोहल्ला दानिशमंदान स्थित बिजलीघर चौराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। उनके साथ कांस्टेबल योगेंद्र सिंह और रामनिवास शर्मा भी मौजूद थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक हजार रुपये के तीन जाली नोट बरामद हुए, जबकि दो नोट संदिग्ध पाए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद मसरूर निवासी सेंडोवाला, थाना टांडा, जिला रामपुर बताया। पुलिस ने बरामद नोटों को जांच के लिए स्टेट बैंक भेजा, जहां बैंक कर्मियों ने नोटों के जाली होने की पुष्टि की। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। विवेचना पूरी होने के बाद 8 सितंबर 2012 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया, जबकि 14 मार्च 2013 को अदालत ने मामले का संज्ञान लिया। सुनवाई के दौरान आरोपी ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने उसे दोषी पाया। गुरुवार को हुई अंतिम सुनवाई में अदालत ने आरोपी मोहम्मद मसरूर को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## छप्पर में लगी आग से मासूम की दर्दनाक मौत

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव हसनगढ़ी में छप्पर में गुरुवार को अचानक लगी आग से दो वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसे बचाने के प्रयास में उसकी मां भी गंभीर रूप से झुलस गई। मां का सफदरजंग अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद इमरान के छप्परनुमा घर में गुरुवार को दिन के समय अचानक आग लग गई। उस समय उनका दो वर्षीय बेटा अफ्फान छप्पर के नीचे सो रहा था, जबकि मां शिफा घर के बाहर काम कर रही थी। तभी बड़े बेटे ने आग लगने की सूचना मां को दी।

मां शिफा भागकर घर के अंदर पहुंची और बिना अपनी जान की परवाह किए जलते छप्पर के बीच से बेटे को बाहर निकाल लिया। इस दौरान मां-बेटा दोनों बुरी तरह झुलस गए।

# मंडलायुक्त के पास पहुंची जांच रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

● **धीमरी में महापौर की जमीन की बाउंड्री तोड़ने का मामला**

**अमृत विचार :** सदर तहसील के धीमरी गांव में सीएम कंपोजिट विद्यालय की सरकारी चिह्नित जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा करने को हटाने के दौरान जेसीबी से महापौर विनोद अग्रवाल के जमीन की बाउंड्री तोड़े जाने का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ है। इस प्रकरण में मंडलायुक्त के निर्देश अमरोहा की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह ने दोबारा पैमाइश कराने के साथ ही राजस्व अभिलेखों की जांच में फिर से सत्यापन कराया। अब बताया जा रहा है कि रिपोर्ट मंडलायुक्त को दे दी गई। इसमें निर्णय पर सबकी नजर है।

सदर तहसील के धीमरी गांव में सीएम कंपोजिट विद्यालय बनना है। इसके लिए सरकारी स्तर से जमीन चिह्नित कर छोड़ी गई थी। जिस पर अवैध कब्जा की शिकायत पर सदर एसडीएम डॉ. राममोहन मीना के नेतृत्व में मार्च में राजस्व टीम ने पैमाइश के बाद अवैध कब्जा हटवाया। इस दौरान वहां पर स्थित महापौर विनोद अग्रवाल के जमीन पर की गई बाउंड्री भी जेसीबी से तोड़ दी गई। इसके बाद प्रशासनिक व राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। महापौर ने उसी दिन जिलाधिकारी, मंडलायुक्त से इसकी शिकायत कर एसडीएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर अगले ही दिन जिलाधिकारी अनुज सिंह ने स्वयं मौके पर जाकर महापौर की मौजूदगी में राजस्व टीम से पैमाइश कराई। पैमाइश तीन-चार दिन चली। इसी बीच महापौर ने इस प्रकरण को शासन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के सामने पहुंचा दिया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से अपने भाजपा में 40 साल के राजनीतिक सफर की दुहाई देकर उनकी छवि धूमिल करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। पैमाइश के बीच में ही महापौर ने जिला स्तरीय टीम पर अविश्वास जता कर दूसरे जिले के अधिकारी से जांच व पैमाइश की मांग मंडलायुक्त से कर दी। जिसके बाद मंडलायुक्त ने अमरोहा की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को जांच सौंपी। अब प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो दोबारा पैमाइश व जांच के बाद मंडलायुक्त को रिपोर्ट दे दी गई है।

### नगर विधायक के लेटर बम से मची थी सनसनी

उनकी पैमाइश के बीच में ही चार दिन पहले नगर विधायक रितेश गुप्ता ने लेटर बम फोड़ दिया। मंडलायुक्त को पत्र लिखकर अपनी नगर विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले धीमरी में सरकारी जमीन को खुर्द बुर्द करने वालों के खिलाफ जांच कराकर कड़ी कार्रवाई की मांग कर दी।

**मौसम** | दो दिन रही तेज धूप और तपिश के बाद फिर छाए बादल, ठंडी हवाओं से गर्मी में राहत, बारिश की संभावना

# पश्चिमी विक्षोभ से लगा सूरज की तपिश पर ब्रेक, मौसम का यू-टर्न

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** पश्चिमी विक्षोभ ने सूरज की तपिश पर शुक्रवार को ब्रेक लगा दिया। मौसम ने फिर यू टर्न लिया। सुबह से बादल छाए रहे। दो दिन तेज धूप और तपिश के बाद बादल व ठंडी हवा चली। हालांकि दोपहर बाद हल्की धूप के बीच बादलों का उमड़ना घुमड़ना जारी रहा। बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

पर्यावरणीय परिस्थितियों का असंतुलन इन दिनों भारी पड़ रहा है। कभी पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम बदलने से बूंदाबांदी व कहीं हल्की बारिश हो रही है तो दो तीन दिन बाद नीनो प्रभाव से सूरज की तपिश बढ़ रही है। आए दिन मौसम के रंग से लोग परेशान हैं। कभी तेज धूप से सूरज की किरणें झुलसाने पर आमादा दिख रही हैं तो कभी बादल व बूंदाबांदी व हल्की बारिश ठंड लौटा रही है। शुक्रवार को सुबह से लेकर दोपहर तक बादल रहने और ठंडी हवा से मौसम सुहाना हुआ तो दोपहर बाद हल्की धूप निकली। बीच-बीच में बादल उमड़ते घुमड़ते रहे। अधिकतम तापमान 32.4 और न्यूनतम गिरकर 20 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। आर्द्रता 40 प्रतिशत रहा। शनिवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक-एक डिग्री की कमी और आने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। अगले सप्ताह फिर मौसम यूं ही बनता बिगड़ता रहेगा। दो दिन धूप के बाद दो दिन बारिश का अनुमान जताया गया है।



दिनभर चली बादलों की लुका छिपी के बीच पार्क में खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

● **पूरे दिन बादलों के आने से मौसम बना रहा सुहावना**

### बदलते मौसम के प्रभाव से बीमार पड़ रहे लोग

मौसम के बदलते रंग और तापमान में असंतुलन से लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसके प्रभाव से बीमार जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। बालरोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गंगल का कहना है कि मौसम में असंतुलन से खासकर बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इन दिनों वायरल बुखार, सांस फूलना, सर्दी, जुकाम, छींक, पेट में दर्द की दिक्कत हो रही है। इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत है। सुबह और शाम छोटे बच्चों को घर से बाहर ले जाएं तो मोटे कपड़े पहनाएं। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन न करने दें। ताजा सुपाच्य भोजन दें।

### मौसम बढ़ा रहा किसानों की चिंता

एक तरफ किसानों के माथे पर चिंता है कि गेहूं पककर खेत में खड़ा है बारिश से उनकी फसल खराब हो रही है। गेहूं की बालियों के दाने काले पड़ रहे हैं। जिससे उनको प्रयोग व बिक्री में नुकसान उठाना तय है। क्योंकि सरकारी केंद्रों पर भी बारिश में भीगकर काले पड़ गए गेहूं के दाने को केंद्रों पर रिजेक्ट कर देने की गाइडलाइन है। वहीं खुले बाजार में भी उपज का दाम ठीक नहीं मिलने की चिंता उन्हें सता रही है।

## शहर में आज

- आर्य समाज बुद्धि विहार मझोला की ओर से कार्यक्रम सेक्टर 4-ए, महर्षि दयानंद वाटिका बुद्धि विहार में सुबह 8 :00 बजे
- नवीन मंडी समिति मझोला में केंद्रों पर गेहूं खरीद सुबह 9 :00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### भयंकर बने कांग्रेस अनुसूचित जाति-जनजाति के जिलाध्यक्ष



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस के अनुसूचित जाति- जनजाति विभाग में भयंकर सिंह बौद्ध को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एससीएसटी विभाग के चेयरमैन राजेन्द्र पाल गौतम ने इस संबंध में सूची जारी की। अब तक कांग्रेस की जिला इकाई में पदाधिकारी रहे भयंकर सिंह बौद्ध पूर्व में कर्मचारी नेता व अम्बेडकर युवक संघ में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, पूर्व जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व पार्टी प्रवक्ता सुधीर पाठक ने खुशी जताई।

### उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। जिले के पांच मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 4,95,650 कॉपियों की जांच की गई। सभी केंद्रों पर परीक्षक एवं पर्यवेक्षकों की देखरेख में कार्य संपन्न हुआ। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, पारकर इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज व एचएसवी इंटर कॉलेज में शत-प्रतिशत मूल्यांकन किया गया।

### सीओ सिविल लाइंस का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी और प्रदेश महामन्त्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में आईपीएस अभिनव द्विवेदी का पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस का पदभार ग्रहण करने पर पटका पहनाकर और बुके व मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस दौरान उपाध्यक्ष टोनी सहगल, मोहित खन्ना, मूलचंद चौहान आदि उपस्थित रहे।

## विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसें

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** चौमुखापुल पुल स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शुक्रवार को मासिक बैठक हुई। इसमें कांग्रेस आरटीआई विभाग के नवनियुक्त जिला/महानगर अध्यक्ष मोहम्मद आदिल और भारतीय परवेज इस्लाम को सम्मानित किया गया। वहीं कांग्रेस ज्वाइन करने वाले मोहम्मद सुब्हान और सिराज अली का महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने स्वागत किया।

महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम ने कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसनी होगी। जनता कांग्रेस को भाजपा सरकार के विरुद्ध विकल्प के रूप में देख रही है। बैठक में नजाकत ठेकेदार, महफूज अली, अनुराग शर्मा, हकीम नाजिम, रिज़वान रईस, जावेद अंसारी, पार्षद नदीम उद्दीन कातिब, पार्षद शमशेर अली, पार्षद एडवोकेट फहीम सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### गूंजा कुर्बा हुआ, कुर्बा हुआ, मेरे लिए और मेरे गुनाह धुल गए, तेरे लहू की धार से... गीत गाया

# गुड फ्राइडे पर चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना, यीशु के वचनों को समझाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पीली कोठी स्थित मैथोडिस्ट चर्च में मसीही गीत गातीं युवतियां। • अमृत विचार



गुड फ्राइडे पर सेंट एंथोनी चर्च पर प्रार्थना करते मसीही समाज के लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुड फ्राइडे पर चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा की गई। वक्ताओं ने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा कहे गए अंतिम सात वचनों को विस्तार से समझा कर उसके पालन के प्रति संकल्प दिलाया गया।

शहर स्थित फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे (धन्य शुक्रवार) को विशेष प्रार्थना सभा व आराधना की गई। आराधना का संचालन रेव्ह अनिल सी लाल द्वारा कराई गई। बाईबल पाठ सुमित विल्सन ने किया। प्रार्थना अर्पणा मेन्सन ने कराई। चर्च क्वायर द्वारा कुर्बा हुआ, कुर्बा हुआ, मेरे लिए और मेरे गुनाह धुल गए, तेरे लहू की धार से को गाया गया। वक्ताओं ने बताया कि इस दिन प्रभु यीशु ने सारे संसार के पापों को अपने ऊपर लेकर क्रूस पर अपने प्राणों को परमपिता परमेश्वर के हाथों में सौंपकर अपने जीवन को मानव जाति के उद्धार के लिए बलिदान कर दिया था।

- **फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में जुटे ईसाई समाज के लोग की आराधना**

क्रूस पर उनके द्वारा कहे अंतिम सात वचनों को विभिन्न वक्ताओं ने समझाया। रेव्ह अनिल सी लाल ने बताया कि यीशु का पहला वचन था कि हे पिता इन्हें क्षमा कर, क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या करते हैं। दूसरे वक्ता बेन्हर एंथनी ने बताया कि दूसरा वचन आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा। इसी प्रकार अन्य वक्ताओं कुसुम सिंह, रेव्ह रोहित सैनी, जॉनसन जेम्स, मेजर एसके नैथन, रेव्ह ब्रिजेश मैनसल आदि ने अन्य पांचों वचनों को समझाया।

वक्ताओं ने इन सातों वचनों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार क्रूस पर लटकाने के बाद भी प्रभु यीशु ने उन लोगों के लिए क्षमा मांगी। प्रार्थना व आराधना के अंत में आशीष वचन रेव्ह ब्रिजेश मैनसल ने दिया। इस दौरान राजीव सिंह, अभिषेक विल्सन, अंतिम सिंह, नीरज एडवर्ड, प्रिंस आदि ने सहयोग किया।

### रविवार को मनेगा प्रभु यीशु का पुनरुत्थान दिवस

बताया गया कि रविवार पांच अप्रैल को मसीही समाज प्रभु यीशु के जी उठने (पुनरुत्थान दिवस) को मनाएगा। जिसमें शहर के विभिन्न स्थानों से मसीही समाज के लोग जुलूस के रूप में गीत गाते हुए प्रार्थना के लिए मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के परिसर में एकत्र होंगे।

# गड्ढे बने जानलेवा, बेहतरी का दावा कागजों तक सीमित

### आशियाना फेज एक और दो के अलावा रामगंगा विहार, बुद्धि विहार, खुशहालपुर आदि कॉलोनियों में टूटी हैं सड़कें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गड्ढामुक्त सड़कें केवल कागजों में हैं। हाईवे को छोड़ दिया जाए तो शहर की अंदरूनी अधिकांश सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं। वाहन इसमें हिचकोले खाते हुए गुजर रहे हैं। जिससे हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिरने से चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन व्यवस्था बनाने वाले ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री का गड्ढामुक्त सड़कों का आदेश जिले में दम तोड़ रहा है। हाईवे के अलावा कुछ प्रमुख सड़कों को छोड़ दिया जाए तो अंदरूनी यहां तक पॉश कॉलोनियों की सड़कें टूट कर गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। इसकी कार्यदायी संस्था नगर निगम, लोनिवि और एमडीएम व अन्य की ओर से सड़कों की मरम्मत के प्रति उदासीन हैं। आशियाना फेज एक, दो, के अलावा रामगंगा विहार, खुशहालपुर, बुद्धि विहार, रामगंगा विहार में हाईस्ट्रीट व साईं मंदिर वाली सड़कों में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इन सड़कों से होकर प्रतिदिन स्थानीय नागरिकों के अलावा आसपास जिलों के नागरिक भी गुजरते हैं। दोपहिया, चार पहिया, एंबुलेंस, स्कूली वाहन ही नहीं सरकारी विभागों के अधिकारियों की गाड़ियां गड्ढों में हिचकोले खाते हुए गुजरती हैं लेकिन फिर भी इसको ठीक कराने की पहल नहीं हो रही है। कई बार गड्ढों में वाहनों विशेषकर स्कूली बसें व वैन व एंबुलेंस के फंसने से जान पर बन आती है। नागरिक व संगठनों की आवाज भी अनसुनी की जा रही है।



आशियाना फेज दो में उखड़ी पड़ी सड़क। • अमृत विचार



मंगूपुर में सड़क पर भरा नालियों का पानी।

> सफाई कर्मचारी सफाई कर्मचारी शीशपाल एवं रवि 8-10 दिन से नहीं आ रहे हैं। कहीं और लगे हैं। शिकायत की है लेकिन उसके बाद भी अभी नहीं आए हैं।
> **-प्रेमचंद**, ग्राम प्रधान मंगूपुरा

### मंगूपुरा में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, गंदगी से पटा गांव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संचारी रोगों की रोकथाम का अभियान दिखावा है। मंगूपुरा गांव में जगह-जगह कूड़ा का ढेर है और नालियों में कीचड़ भरा है और सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के नाम पर निर्धारित एक रुपये प्रतिदिन की दर के बजाय 80 रुपये प्रति घर वसूले जा रहे हैं। पहले यह शुल्क 30 रुपये था, जिसे बढ़ाकर 80 रुपये कर दिया गया। शुक्रवार को गांव में मुख्य मार्गों से लेकर गलियों में कूड़ा पसरा था। नाली का पानी सड़कों पर फैल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी कई दिनों तक गांव में नहीं आते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। गंदगी और जलभराव के कारण संचारी रोग फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है।

### जलनिकासी न होने से नागरिक परेशान



मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर निगम क्षेत्र के कई मोहल्लों में जल निकासी व नाला सफाई सही से न होने से जलभराव की समस्या से नागरिक जूझ रहे हैं। बुद्धि विहार आवास विकास फेज 2 के सेक्टर 9-बी में मकान संख्या 328 के पास नाली और पानी की सही निकासी व्यवस्था नहीं है जिसके कारण नागरिक परेशानी उठा रहे हैं। स्थानीय नागरिक विनीत कुमार का कहना है कि जल निकासी व नाला सफाई सही से न होने से आए दिन दिक्कत होती है। इसको सुधार कराने की उन्होंने मांग की।



सफाई कर्मचारी तो कभी-कभी आते हैं। गंदगी ज्यादा होने पर मच्छर बढ़ गए हैं। जिससे बीमारी का खतरा बना हुआ है। ...

-इसरार



कई दिनों से कोई सफाई कर्मचारी यहां पर नहीं आया है। नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। सफाई व्यवस्था बिल्कुल ठप है।

-शहजाद खान

### अंडर-16 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में ग्रीन और रेड टीम जीती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशन में डीएमए की ओर से जिला स्तरीय अंडर-16 इंटर क्लब क्रिकेट लीग का शुभारंभ शुक्रवार को आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के मैदान पर हुआ। प्रतियोगिता के लिए जिले की चार टीमें गठित की गई हैं, जो आपस में लीग मुकाबले खेलेंगी। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर ही जिला टीम का चयन किया जाएगा।

पहले मुकाबले में डीएसए ब्लैक और डीएसए ग्रीन के बीच रोमांचक मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएसए ब्लैक ने निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट खोकर 245 रन बनाए। डीएसए ग्रीन ने 33 ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और दो विकेट से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएसए ब्लू की टीम 36 ओवर में 214 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में डीएसए रेड ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट खोकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया।

# शिक्षकों को पठन-पाठन से हटाकर अन्य कार्यों में लगाने का करेंगे विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई की बैठक शुक्रवार को एसएस इंटर कॉलेज में हुई। इसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा मनोनीत प्रांतीय उपाध्यक्ष विमलेंद्र विमल व प्रदेश मंत्री जितेंद्र प्रताप सिंह का स्वागत किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र सिंह और संचालन जिला मंत्री शमशाद हुसैन ने किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष विमलेंद्र विमल ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षकों का एक सशक्त एवं विश्वसनीय संगठन है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व संरक्षक राज बहादुर सिंह चंदेल (वर्तमान एमएलसी) ने विधानसभा में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। शिक्षकों को चिकित्सीय सुविधा दी गई। विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया गया और मूल्यांकन दरों में संशोधन हुआ। कहा कि शिक्षकों को पठन-पाठन से हटाकर अन्य कार्यों में लगाना उचित नहीं है। प्रदेश मंत्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना देंगे। मंडल अध्यक्ष हरिशंकर भारती ने पुरानी पेंशन योजना में शामिल हुए विषय विशेषज्ञों को बधाई दी, कहा कि शेष वंचित शिक्षक भी शामिल किए जाए। मंडल मंत्री अरुण शर्मा, पूर्व जिला मंत्री राजपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष अभय गुप्ता आदि ने भी अपनी बात रखी। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने माध्यमिक विद्यालयों के स्तर में सुधार के लिए छात्र संख्या बढ़ाने को विशेष नियम बनाने की मांग की। इस दौरान मंडल संयोजक वीर सिंह, मंडल अध्यक्ष हरिशंकर भारती, जिला मंत्री शमशाद हुसैन, पूर्व अध्यक्ष गिरिराज सिंह, रविंद्र पाल सिंह, नीतीश, शकील मोहम्मद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

- **सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबित मामले जल्द निस्तारित करने की मांग**

### बालाजी से जन कल्याण व विश्व शांति की प्रार्थना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा समिति के द्वारा शुक्रवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लाजपत नगर रामलीला मैदान में श्री संकटमोचन महायज्ञ अनुष्ठान किया गया। चार दिवसीय श्री बालाजी महोत्सव में समिति की संस्थापिका व संयोजिका जगतगुरु जगदाचार्य साध्वी राघवेंद्री जी महाराज व श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर डॉ राजेश्वर दास (जूना अखाड़ा दिल्ली) और परमाध्यक्ष महंत साध्वी पुष्पा रामायणी जी (मंगलधाम आश्रम, चित्रकूट धाम, श्री वृंदावन धाम) की उपस्थिति में आयोजन किया गया।

आचार्य स्वामी लोकेशानंद सरस्वती महाराज पारिजात पीठ श्रीराधा कृष्ण मंदिर पाली खेड़ा मथुरा आदि की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर संकट हरण यज्ञ कराया गया। इसमें बालाजी महाराज को 16 क्विंटल लड्डू का भोग लगाया गया। भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया। जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए श्री संकटमोचन महायज्ञ अनुष्ठान व चार दिवसीय श्री बालाजी महोत्सव में चल रहा है।

# हनुमान वाटिका में गूंजा बजरंग बली का जयकारा



हनुमान वाटिका में पूजन करते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव पर बुद्धि विहार स्थित नगर निगम द्वारा निर्मित हनुमान वाटिका में भव्य आयोजन किया गया। नगर निगम की ओर से सुंदरकांड का पाठ, पूजा अर्चना के साथ ही भंडारा कराया गया।

हनुमान वाटिका में आयोजित सुंदरकांड पाठ व पूजा अर्चना कार्यक्रम की शुरूआत मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने की। महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल आदि ने भी विधि विधान से पूजा अर्चना कर शहर की सुख समृद्धि व लोक कल्याण की प्रार्थना वीर बजरंग बली से की। सुंदरकांड के पाठ के साथ ही हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी व अन्य लोग शामिल हुए। मंडलायुक्त ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव पर नगर निगम की यह पहल सराहनीय है। नगर आयुक्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से देश प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया जा सकेगा। महापौर ने कहा कि भविष्य में भी हनुमान जन्मोत्सव पर यहां कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। निगम की ओर से कराए गए भंडारे में जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी प्रसाद व भोजन ग्रहण किया। इस दौरान कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, भाजपा नेत्री प्रिया अग्रवाल, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

- **हनुमान जन्मोत्सव पर नगर निगम ने कराया सुंदर कांड का पाठ**

### श्री बालाजी संकटमोचन धाम में कार्यक्रम



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री संकटमोचन धाम हरथला की ओर से हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा निकाली गई। विधि विधान से बजरंग बली की पूजा अर्चना कर 81 किलोग्राम बूंदी का लड्डू का भोग लगाकर शोभायात्रा निकाली गई। कमेटी के महंत विवेक कुमार शर्मा, मुख्य पुजारी अमित कश्यप, पुजारी राजपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील कुमार की मौजूदगी में शोभायात्रा हरथला स्थित संकट मोचन धाम से प्रारंभ हुई जो मुस्कान नर्सिंग होम, सब्जी मंडी, रामगंगा विहार, सीएल गुप्ता चौराहा होकर वापस धाम पर पहुंची। शोभायात्रा में हनुमान रूप में शामिल कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में आशाराम, गजेंद्र कुमार, अजय सैनी, आकाश कुमार, मोहित, पवन प्रजापति सहित स्थानीय नागरिक जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं।

**प्रीपेड मीटर व्यवस्था** | उपभोक्ताओं का आरोप- बिल जमा करने के बावजूद 24 से 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो रही

# सरकारी 'सुविधा' बनी बिजली कटौती का कारण, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की नई प्रीपेड मीटर व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए परेशानी बन रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिल जमा करने के बावजूद 24 से 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो रही है।

सिविल लाइन क्षेत्र विद्युत केंद्र के अलावा शहर के विभिन्न विद्युत केंद्रों पर गुरुवार को सुबह से ही बिल जमा करने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं। पर्याप्त काउंटर न होने के कारण घंटों लाइन में लगने के बाद भी बिना बिल जमा किए वापस लौटना पड़ रहा है। क्योंकि न तो लोगों को इसके सही उपयोग की जानकारी दी गई और न ही ऑनलाइन भुगतान जैसे विकल्पों को प्रभावी ढंग से प्रचारित किया गया। तकनीकी खामियों के चलते बिल जमा करने के बाद भी बिजली आपूर्ति में देरी हो रही है।



सिविल लाइन अंबेडकर पार्क विद्युत केंद्र पर बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं की लगी भीड़।

पहले 5500 रुपये का बिल जमा किया और एक हजार रुपये का रिचार्ज भी कराया लेकिन बुधवार दोपहर से बिजली आपूर्ति ठप है। कोई सही जानकारी देने को तैयार नहीं है।
-एकता सिंह, बुद्धि विहार

दो दिन पहले 2600 रुपये का रिचार्ज किया था लेकिन दो दिन बाद भी बिजली आपूर्ति चालू नहीं हुई। आठ दिन विद्युत केंद्र का चक्कर काटना पड़ रहा है।
इरशाद अली, निवासी दीवान बाजार

### 16 घंटे ठप रहेगी बिजली बिलिंग प्रणाली

अमृत विचार : शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार दोपहर दो बजे तक 16 घंटे के लगातार जनपद में बिजली विभाग से संबंधित कार्य नहीं हो सकेंगे। बिजली विभाग के ऑनलाइन पोर्टल से संबंधित सभी कार्य बाधित रहेंगे। अधीक्षण अभियंता ने प्रशांत कुमार ने बताया कि यूपीपीसीएल लखनऊ निदेशालय से जारी निर्देश में बताया गया है कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं केस्को के आरएमएस बिलिंग प्रणाली पर रखरखाव, मरम्मत एवं संरचना संबंधित कार्य किया जाना है। जिसके चलते तीन मार्च की रात 10 बजे से चार मार्च की दोपहर दो बजे तक बिलिंग प्रणाली ठप रहेगी। इस दौरान बिलिंग प्रणाली, ऑनलाइन उपभोक्ता पोर्टल एवं यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पर उपलब्ध सभी ऑनलाइन सेवाएं बिल भुगतान, स्मार्ट मीटर रिचार्ज, बिल जनरेशन, भार वृद्धि इत्यादि बाधित रहेंगी।

### अब रात 10 बजे तक सुनी जाएंगी बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की बढ़ती शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड (वाणिज्य-द्वितीय) प्रशांत कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा मिल रही शिकायतों के निस्तारण के संबंध में विभाग की ओर से कर्मचारी अमित कुमार (टीजी-2) को प्रतिदिन शाम पांच बजे से रात 10 :00 बजे तक खंड कार्यालय में उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा विद्युत केंद्रों पर भी टीजी टू पद के कर्मचारियों को समस्या के समाधान के लिए रात 10 बजे तक विद्युत केंद्र में बैठने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्णय उच्च अधिकारियों उपभोक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र समाधान को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करना होगा। जिसके अन्य किसी भी विद्युत केंद्र की समस्या को नोट कर उसके का समाधान किया जा सके। विद्युत विभाग के इस कदम से उपभोक्ताओं को शाम के समय भी अपनी समस्याओं के समाधान की सुविधा मिलने से राहत मिलेगी।

# भाजपा की जिला कार्यसमिति सूची से खुशी तो कहीं अन्तर्विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यसमिति गुरुवार देर रात घोषित की गई थी। इसमें आठ को जिला उपाध्यक्ष और तीन को जिला महामंत्री बनाया गया था। जिलाध्यक्ष के सूची जारी होने के अगले दिन पार्टी में जिम्मेदारी पाने वाले चेहरे खुश हो गए तो अन्तर्विरोध भी सामने आए। कोई खुलकर नहीं बोल रहा है लेकिन मतभेद छिप नहीं रहे हैं। कई पदाधिकारियों को आस थी लेकिन अवसर न मिलने से वह काफी मायूस हो गए हैं।

20 सदस्यीय सूची में चंद्रपाल सिंह सैनी, कमल कुमार प्रजापति, डॉ. यशवीर सिंह, गजेंद्र चौधरी, चकित चौधरी, अशोक प्रजापति, मयूर भाटिया, आदेश चौधरी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि नवीन उर्फ विकास चौधरी, ओमपाल सैनी, आदित्य शंखधार को जिला महामंत्री बनाया गया है। दिनेश यादव, अरुण कुमार, विक्रांत सिंह, लकी चौधरी, ब्रजेश लोधी, कशिक चौहान, प्रियंका जाटव, ज्योति वाल्मीकि को जिला मंत्री और आशीष शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। गजेंद्र चौधरी पर कई आरोपों के चलते उंगलियां उठ रही हैं। वहीं इस बार जाट समाज को अच्छा प्रतिनिधित्व मिला है।

### चार महिलाओं को भी मिली जगह

जिलाध्यक्ष आकाश पाल के द्वारा घोषित जिला कार्यसमिति में इस बार चार महिलाओं को जगह मिलने से पार्टी की नारी शक्ति खुश है। इसमें आदेश चौधरी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि कशिश चौहान, प्रियंका जाटव, ज्योति वाल्मीकि को जिला कार्यसमिति में जिला मंत्री बनाया गया है। आठ जिला मंत्री में से तीन चेहरे महिलाओं के हैं।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# गेहूं खरीद: खेतों में गेहूं, केंद्रों पर हो रहा अन्नदाता का इंतजार

## केंद्रों पर इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, बोरे आदि का इंतजाम, भीगे गेहूं होंगे रिजेक्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इन दिनों गेहूं खरीद के लिए बनाए गए क्रय केंद्र सूने पड़े हैं। वजह गेहूं की फसल पक कर खेतों में खड़ी है लेकिन मौसम के बदलते रंग से बहुत से किसान उसे काट नहीं पा रहे हैं। इससे केंद्रों पर इंतजाम कर केंद्र प्रभारी अन्नदाता का इंतजार कर रहे हैं।

प्रदेश सरकार ने 31 मार्च से 15 जून तक रबी फसलों की खरीद का सत्र निर्धारित किया है। इसके लिए मुरादाबाद संभाग के सभी पांचों जिलों को मिलाकर 331 केंद्र निर्धारित बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, बोरे, डस्टर, किसानों के लिए पेयजल व छाए का इंतजाम किया गया। मुरादाबाद जिले में गेहूं खरीद के लिए 69 केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर पारदर्शी तरीके से गेहूं खरीद करने के लिए सभी तैयारियां की गई हैं। सरकार के द्वारा निर्धारित एमएसपी पर खरीद की जानी है। लेकिन चार दिन बाद भी केंद्रों पर बोहनी नहीं हुई है। केंद्र सूने हैं और किसानों के आने का इंतजार हो रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी व प्रभारी आरएमओ विनीता मिश्रा का कहना है कि मुरादाबाद में 69 सहित पूरे संभाग में 331 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। अभी किसान के गेहूं की फसल खेतों में ही है। उम्मीद है कि 10 अप्रैल तक गेहूं केंद्रों पर पहुंचेगा। किसानों के गेहूं उपज को पारदर्शी तरीके से खरीद कराई जाएगी।

- बारिश से भीगकर काले पड़े गेहूं के दाने खरीद में हो जाएंगे रिजेक्ट

### कांठ क्षेत्र में सात क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय कर सकते हैं किसान, खरीद की तैयारी पूरी

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ तहसील क्षेत्र में गेहूं खरीद के लिए सात क्रय केंद्रों को मंजूरी मिली है। इन केंद्रों को बैनर लगाकर संचालित कर दिया गया है, लेकिन अभी केंद्र पर गेहूं खरीद के लिए बोरे नहीं पहुंचे हैं। कांठ तहसील क्षेत्र में इस बार उपमंडी समिति में खाद्य विभाग के चार और एफसीआई का एक गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किया गया है। वहीं गांव कुचावली और फत्तेहपुर विश्नोई में पीसीएफ के एक-एक क्रय केंद्र को मंजूरी मिली है। इन सभी जगहों पर बैनर लगाकर क्रय केंद्रों को संचालित कर दिया गया है। अभी किसी भी क्रय केंद्र पर बोरे नहीं पहुंचे हैं और कहीं पर गेहूं की खरीद नहीं हुई। केंद्रों पर इलेक्ट्रोनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छलना आदि भी मौजूद हैं। केंद्र प्रभारियों का कहना है कि किसानों के बैठने और पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। केंद्र प्रभारियों ने अपील की है कि जिन किसानों ने अपना गेहूं विक्रय करने के लिए अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वह साइबर कैफे या सरकारी वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं। बता दें कि इस रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत 30 मार्च से सरकारी क्रय केंद्रों को किसानों से गेहूं की खरीद के लिए संचालित कर दिया गया है। इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले 2585 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य सरकार ने निर्धारित किया गया है। वर्ष 2025 में समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल था।

## बुर्का प्रकरण में एक और नाबालिग छात्रा गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** बहुचर्चित बुर्का प्रकरण में एक नाबालिग छात्रा को पुलिस ने गिरफ्तार किया, उसे मुरादाबाद की अदालत में पेश किया गया। जहां अदालत ने उसे नोएडा के बाल सुधार गृह भेज दिया। पहले एक छात्रा को गिरफ्तार किया था।

बिलारी के एक मोहल्ले में ट्यूशन पढ़ने जाते समय हिंदू छात्रा को बुर्का पहनाकर तथा धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करने के मामले में छात्रा के भाई की ओर से दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने पांच छात्राओं पर मुकदमा दर्ज किया था, इससे पहले पुलिस एक छात्रा को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी थी। जिसकी अदालत से जमानत हो चुकी है। इस मामले में पुलिस ने अब एक और छात्रा को गिरफ्तार किया। आरोपी छात्रा इंटरमीडिएट में पढ़ती है। पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद उसे उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। इस मामले में दो छात्राओं को हाईकोर्ट से स्टे भी मिल चुका है। छात्रा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसे हाईकोर्ट स्टे नहीं मिल सका था।

## एसपी देहात ने किया थाना कांठ का निरीक्षण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** एसपी देहात ने थाना कांठ का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने के रजिस्टरों का रखरखाव ठीक तरह से रखने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने एवं लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण शुरू किया जिसमें उन्होंने सभी प्रचलित अभिलेख, मिशन शक्ति, केंद्र महिला हेल्प डेस्क, हवालात संपत्ति ग्रह, भोजनालय, थाने के बैरक, थाना कार्यालय एवं सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अपराध रजिस्टर, माल रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, आइजीआरएस प्रार्थना पत्र, संपूर्ण समाधान दिवस के प्रार्थना पत्र एवं लंबित विवेचना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सभी उप निरीक्षकों को लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम चौकीदार, प्रहरियों की गोष्ठी की और उन्हें टॉर्च व सीटी वितरित कर रात्रि ग्रस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कांठ शुभम पटेल ने निर्देश दिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव सहित सभी उपनिरीक्षक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



थाना कांठ का निरीक्षण करते एसपी देहात।

- चौकीदारों को गांवों में सजग रहने के दिए निर्देश

## मुर्गी फार्म में हुए हादसे के पीड़ितों से मिले विधायक

**बिलारी, अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम नगलिया शाहपुर के परमानन्द पाल के मुर्गी फार्म हाउस में विद्युत लाइन से निकली चिंगारी गिरने के चलते हादसा हो गया था, जिसमें जानकारी के अनुसार 4500 चूजे, दाना, समेत नुकसान हो गया था।

शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान पीड़ित परिवार से मिले और हादसे की पूरी जानकारी ली। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि वह उनके साथ है, हर संभव शासन प्रशासन से मदद दिलायी जाएगी। सपा विधायक ने तत्काल चीफ इंजिनियर विद्युत और अधिशासी अभियंता मुरादाबाद को हादसे से अवगत कराया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाये जाने की बात कही। इसके बाद सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल को भी बताया और पीड़ित परिवार के यहां सपा प्रतिनिधिमंडल भेजकर मदद दिलाये जाने की मांग की।

## हनुमान जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित



हनुमान चालीसा का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** माहेश्वरी शिव मन्दिर पट्टीवाला कांठ में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव में शुक्रवार को संपूर्ण रामचरितमानस हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। शनिवार को महा आरती और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, अवधेश चंद माहेश्वरी सुबोध चौधरी, अमित लोहिया,कुंवरपाल सिंह बिश्नोई, अंकुश बिश्नोई ,आयुष चौधरी, अजय गुप्ता,आलोक शंकर वर्मा, अभिषेक लोहिया, सोनू शर्मा, विभु बिश्नोई, पिकुल गुप्ता, ईना, मोहिनी, नीतू, राकेश, प्रतीक, रुचिका, प्रतिभ, गीता चौधरी, आदि लोग मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ढकिया जुमा में पूर्व में हुए झगड़े में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जबकि दूसरे पक्ष का मुकदमा पहले ही पुलिस लिख चुकी है। ढकिया जुमा निवासी आलम हुसैन ने अपने पुत्र जुनैद के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को तहरीर सौंपी है। तहरीर के अनुसार, 17 मार्च 2026 को रात करीब 8 बजे आलम के पुत्र जुनैद अपने घर के आगे से गुजर रहे थे, तभी अकील ने उनके साथ गाली-गलौज की। अगले दिन शाम 4 बजे मुमताजुद्दीन ने आलम को घर बुलाया। वहां नईमुद्दीन, शाहवुद्दीन, माजुद्दीन, अकील, महबूब, जियाउद्दीन और दो अज्ञात व्यक्ति मौजूद थे। इन लोगों ने आलम की और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। माजुद्दीन ने तलवार से रईसुद्दीन के सिर पर वार किया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महानगर में बनेगी शूटिंग रेंज निखरेगा युवाओं का भविष्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम महानगर को आगामी समय में कई महत्वपूर्ण सौगात देगा। इससे युवाओं को अपना भविष्य संवारने का अवसर भी मिलेगा। शूटिंग रेंज बनाने के प्रस्ताव को शासन ने सैद्धांतिक सहमति जता दी है। अब इसका विस्तृत प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। इसकी वित्तीय मंजूरी के बाद निर्माण शुरू होगा।

बदलता मुरादाबाद सिर्फ कागजों में नहीं हकीकत में जमीन पर उतर रहा है। नगर निगम व स्मार्ट सिटी के कई महत्वपूर्ण परियोजनओं ने मुरादाबाद को नई पहचान दे दी है। आगे कई अन्य सौगात नागरिकों को मिलेगी। इस पर काम चल रहा है। अगली कड़ी में शूटिंग रेंज की तैयारी है। इसके बनने से युवाओं को अपनी पहचान संवारने का अवसर मिलेगा। जिले ही नहीं मंडल की प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। वहीं धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी बन रहा है। बुद्धि विहार में जहां हनुमान वाटिका विकसित किया गया है वहीं अब 1000 सीट की क्षमता वाले आडिटोरियम को मंजूरी के बाद सरकार ने प्रथम किस्त की धनराशि भी आवंटित कर दी है। इस आडिटोरियम में तीन कमरे कला केंद्र के लिए प्रस्तावित किया गया है। इस कला केंद्र का उद्देश्य महानगर की सांस्कृतिक गतिविधियों को मंच देना है। यहां साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराकर लोगों की रुचि को फलीभूत किया जाएगा।

### 31 करोड़ की लागत से बने त्रिशूल रक्षा संग्रहालय का लोकार्पण इसी माह

नगर निगम के द्वारा बुद्धि विहार में 31 करोड़ रुपये की लागत से बनवाए गए त्रिशूल रक्षा संग्रहालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री के हाथों इसी महीने होने की उम्मीद है। यह मेमोरियल प्रदेश ही नहीं देश में अपनी तरह का अनूठा रक्षा संग्रहालय है। इसमें देश की तीनों सेनाओं की शौर्य व वीरगाथा की झलक है। इसके लिए पिछले महीने मंडलायुक्त और नगर आयुक्त ने दिल्ली जाकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर उन्हें लोकार्पण के लिए निमंत्रण दिया था।

> शूटिंग रेंज की सैद्धांतिक सहमति सरकार ने दे दी है। इसके अलावा 1000 सीटर क्षमता वाले आडिटोरियम में कला केंद्र के लिए भी तीन कमरे प्रस्तावित कर दिया गया है। इसके बनकर तैयार होने पर साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन को प्लेटफार्म मिलेगा। इसके अलावा इसी महीने त्रिशूल रक्षा संग्रहालय का लोकार्पण भी प्रस्तावित है।
>
> -**दिव्यांशु पटेल**, नगर आयुक्त

## न्यूज डायरी

### पान मसाला और सिगरेट की कालाबाजारी का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा गुटखा, सिगरेट और पान मसाला पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाए जाने के बाद से ही काला बाजारी शुरू हो गई है। व्यापारियों ने पुराने स्टॉक पर भी मनमाना मूल्य वसूलना शुरू कर दिया, लेकिन संबंधित अधिकारी अंजान बने है। किसी भी कालाबाजारी करने वाले व्यापारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। गोदामों में माल की भरमार होने के बावजूद व्यापारी रिटेलिंग के नाम पर बंद बोरियों को दोगुने-तिगुने मुनाफे पर बेच रहे हैं। पुराने स्टॉक को नए रेट पर बेचकर आम उपभोक्ताओं की जेबें काटी जा रही है, व्यापारियों की इस मिलीभगत के बाद बाजार में पान मसाला, तम्बाकू और सिगरेट के रिटेल मूल्य में इजाफा हुआ है। एक ओर जहां सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर इनके सेवन को हतोत्साहित करने का दावा किया था, वहीं दूसरी ओर व्यापारी इसका फायदा उठाकर आम जनता पर बोझ बढ़ा रहे हैं। नगर निवासी तसलीम अहमद, फुरकान अली, सोनू कुमार , योगेश कुमार, मोहित का कहना है कि अब तक की सबसे बड़ी कालाबाजारी हो रही है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### तेंदुए की दहशत से सहमे ग्रामीण, पकड़वाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरियापुर में पिछले करीब आठ दिनों से तेंदुए की लगातार मौजूदगी ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। भयभीत ग्रामीणों ने पिंजरा लगवाने की मांग की है। डर हुए लोगों ने खेतों की ओर जाना भी बंद कर दिया है। लोगों ने बताया तेंदुआ कई बार आबादी के बेहद करीब तक पहुंच चुका है। हाल ही में उसने गांव निवासी रिंकू पुत्र मलखान सिंह के पालतू कुत्ते को उठा लिया, वहीं एक गाय के बछड़े को भी अपना शिकार बना चुका है। इन घटनाओं के बाद ग्रामीणों में दहशत के साथ-साथ आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकांश लोग खेती-किसानी और पशुपालन पर निर्भर हैं, जिसके चलते उन्हें रोजाना खेतों और जंगल की ओर जाना पड़ता है। ऐसे में तेंदुए के हमले का खतरा हर समय बना रहता है। भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी ने डीएफओ मुरादाबाद को पत्र भेजकर ग्राम दरियापुर में तत्काल पिंजरा लगवाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

### युवक को लाठी डंडे से पीटकर किया घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनावाला खालसा निवासी सारिफ पुत्र शाहिद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका भाई समीर काशीपुर में ट्रक मैकेनिक के कार्य के लिए जा रहा था, तभी गांव के ही मुनव्वर, फिरोज, सलीम, फैजान, अनवार, इमरान व शमीम समेत अन्य लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। इस हमले में समीर के सिर में गंभीर चोटें आईं। इस मामले में पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन गांव के कुछ संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप से समझौता हो गया था। इसके बावजूद आरोपियों ने दोबारा झगड़ा कर धमकी दी कि यदि किसी प्रकार की शिकायत की गई तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### आमने-सामने भिड़े दो ट्रक, एक चालक की मौत

**धौरहरा, अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सिसैया-लखीमपुर हाईवे पर रंजीत नगर पुल के आगे हुआ। बोझिया गांव के पास रात करीब 10 बजे दोनों ट्रक आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और चालक बुरी तरह फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ईसानगर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया। वहां चालक विनोद कुमार ( 40 ) पुत्र लालसिंह निवासी शामली को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



### महिला सुरक्षा सशक्तिकरण के बारे में दी जानकारी

**कांठ, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के अंतर्गत शुक्रवार को कांठ थाने की महिला सुरक्षा टीम एमएसटी- 11 ने मौढ़ी हजरतपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकों का आयोजन किया। टीम की प्रभारी उपनिरीक्षक प्रीति एवं सोनम ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उपनिरीक्षक प्रीति ने महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र समेत सरकारी योजनाओ के बारे में बताया। इस मौके पर महिला कांस्टेबल पिंकी भी मौजूद रही।

## विधायक ने कैंप कार्यालय पर सुनीं समस्याएं



लोगों की समस्याएं सुनते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

**कांठ, अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक ने नगर स्थित अपने कैंप कार्यालय पर नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने तुरंत निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

दूर दराज क्षेत्र से आए लोगों ने विभिन्न समस्याएं विधायक के सामने रखीं। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों से निस्तारण के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क करने को कहा। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव, आबिद हुसैन, डॉ. दानिश, अंजार चौधरी, मुजीब खान, अतीक खान, धर्मेंद्र सिंह, पारुल चौहान, पंकज, अमजद अली, ताहिर हुसैन सहित कई कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## घर में भैंस का वध करते चार पशु तस्कर पकड़े

**भोजपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को पुलिस ने मोहल्ला जामा मस्जिद में घर में भैंस वंशीय पशु का कटान कर रहे चार मांस तस्करों को रंगे हाथों हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गया।

मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज जुगेंद्र तेवतिया ने मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी अकबर अली के घर छापेमारी की। पुलिस के आने की आहट होने पर एक युवक छत के रास्ते से भाग गया। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम अकबर अली,सद्दाम, एहतेशाम,तौसीम और भागने वाले का नाम इमरान बताया। पुलिस ने मांस काटने के उपकरण और भैंसों के मांस के अवशेष के अलावा रस्सी, लकड़ी का गुटका, सुम्मी, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और180 किग्रा मांस बरामद किया है।

## निशुल्क राशन वितरण 6 से

**कांठ अमृत विचार:** 6 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राशन डीलर की दुकान पर राशन कार्ड धारकों को निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। पूर्ति निरीक्षक कांठ हिरदेश कुमार ने बताया कि अंत्योदय राशन कार्ड धारक को प्रत्येक राशन कार्ड पर 21 किलोग्राम गेहूं, 14 किलोग्राम चावल, कुल 35 किलो खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। पात्र गृहस्ती राशन कार्ड धारकों को 3 किलोग्राम गेहूं, 2 किलोग्राम चावल प्रत्येक यूनिट के हिसाब से वितरण किया जाएगा। नोडल अधिकारी की निगरानी में सभी राशन डीलरों की दुकान पर समय से खाद्यान्न का वितरण होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

सूचना
पहले मेरा नाम SHAKIL AHMAD था। जिसे बदलकर मैंने अपना नाम SHAKIL AHMAD PASHA कर लिया है। भविष्य में मुझे SHAKIL AHMAD PASHA S/O SADDIQ AHMAD मोहल्ला चक तहसील व थाना स्वार जनपद रामपुर के नाम से जाना व पहचान जाए।

सूचना
पहले मेरा नाम RASID ANSARI था। जिसे बदलकर मैंने अपना नाम MOHD RASHID कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD RASHID S/O WILAYAT HUSAIN मोहल्ला चक तहसील व थाना स्वार जनपद रामपुर के नाम से जाना व पहचान जाए।

सूचना
पहले मेरा नाम SHOKIN JAHAN था। जिसे बदलकर मैंने अपना नाम SHOUKIN JAHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे SHOUKIN JAHAN W/O SHAKIL AHMAD PASHA मोहल्ला चक तहसील व थाना स्वार जनपद रामपुर के नाम से जाना व पहचान जाए।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

RUDRA BILAS KISAN SAHKARI CHINI MILLS LTD
BILASPUR (RAMPUR)
(Sale of Old Vehicles by E-Auction on GEM Portal)
E-Auction are invited from reputed buyers of old vehicles Ambassador cars. E-Auction will be opened on the due date mentioned below, Detailed Auction documents including specifications, Earnest Money deposit (EMD) and terms & conditions can be downloaded from www.gem.gov.in. Bidders are required to deposit the earnest money via RTGS/NEFT in favour of the Mill Society, as per the details provided below. The undersigned reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason.

| Sl. No. | Name of the item | Qty. | Technical Evaluation date & time | EMD (in Rs) | Last Date of Deposited EMD | Auction Started Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sale of Ambassador car No. UP-22-G 1111 Registration year 2011 | 1 | 12.04.2026 11:00 AM | 5,000/- | 11.04.2026 | 15.04.2026 11:00 AM |
| 2. | Sale of Ambassador car No. UP-22-U 1000 Registration year 2013 | 1 | 12.04.2026 11:00 AM | 5,000/- | 11.04.2026 | 15.04.2026 11:00 AM |

R.T.G.S. Details of the Mill
Name - Rudra Bilas Kisan Sahkari Chini Mills Ltd, Bilaspur (Rampur)
Account No-0833000100123339
Bank Name - Punjab National Bank
IFS Code : PUNB0083300
Branch-Rudrapur
General Manager

## न्यूज ब्रीफ

### उमराह करने गए बुजुर्ग की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** उमराह करने गए बुजुर्ग की मदीने में मौत से घर में कोहराम मच गया। अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरता गांव निवासी बुजुर्ग रईस ठेकेदार उम्र 60 वर्ष अपनी पत्नी और बेटी के साथ 25 मार्च को घर से उमराह के लिए सऊदी अरब गए थे। मदीना में गुरुवार सुबह उन्हें बुखार आ गया। कुछ देर के बाद ही उनकी हालत बिगड़ गई। पत्नी और बेटी ने बुजुर्ग को पास के ही किसी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने निमोनिया के बाद हालत बिगड़ने की बात कही। शाम को इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। मौत की सूचना मेड़ता के घर पहुंची तो कोहराम मच गया।

### 16 घंटे जमा नहीं होगा ऑनलाइन बिजली बिल

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑनलाइन बिजली बिल जमा करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शाहबाद गेट बिजलीघर के एसडीओ विकार अहमद ने बताया कि बिलिंग प्रणाली में तकनीकी सुधार और उसे अपग्रेड किया जाएगा। जिसके चलते ऑनलाइन सेवाएं 16 घंटे के लिए बाधित रहेंगी। शुक्रवार रात 10 से शुरू होकर शनिवार को अपराह्न 2 बजे तक ऑनलाइन बिलिंग, बिल जनरेशन, लोड बढ़ाने के आवेदन और यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पर मिलने वाली तमाम अन्य सुविधाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। एसडीओ ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को डिजिटल रूप से संचालित करने वाली आरएमएस बिलिंग प्रणाली में तकनीकी सुधार होगा। जिसके कारण शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार अपराह्न 2 बजे तक ऑनलाइन सेवाएं 16 घंटे के लिए बाधित रहेंगी। सबसे ज्यादा असर स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है, क्योंकि इस दौरान स्मार्ट मीटर रिचार्ज की सुविधा भी बंद रहेगी।

### मक्का बुवाई पर किसानों को मिलेगा 50% अनुदान

रामपुर, अमृत विचार : मक्का की बुवाई करने पर किसानों को मक्का पर 50 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि एक किसान अधिकतम 2 हेक्टेयर रकबे के लिए बीज ले सकता है। त्वरित मक्का विकास योजना के तहत किसानों को संकर मक्का का 85 क्विंटल बीज मिला है। कृषि बीज भंडारों पर बीज का वितरण कराया जा रहा है। कहा कि मक्का की फसल को ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि संकर मक्का के बीज का वितरण जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर स्टॉल लगाकर किया जा रहा है।



गिरजाघर में प्रार्थना करते मसीह समाज के लोग। ● अमृत विचार



सरमन में बोलते पादरी नितिन मैसी।



हाईवे स्थित मैथोडिस्ट चर्च में प्रभु यीशु के गीत गातीं युवतियां। ● अमृत विचार

# गुड फ्राइडे पर चर्च में हुई आराधना, सातों कलमों की हुई व्याख्या

## चर्च में मौजूद लोगों ने प्रभु ईशु के भजन गए, प्रभु यीशु के जीवन से प्रेम और क्षमा का संदेश सीखें: पादरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पादरी नितिन मैसी, पादरी शेरोन एंडरसन, ब्रदर राहुल एवं सिस्टर बाबूशा ने प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बलिदान और उनके पुनरुत्थान के महत्व पर संदेश साझा किया। उन्होंने संदेश में बताया कि हमें प्रभु यीशु के जीवन से प्रेम और क्षमा का संदेश सीखना चाहिए तथा उन लोगों को भी क्षमा करना चाहिए जो हमारे साथ गलत करते हैं। कहा कि ईशु ने समस्त जाति के पापों के प्रायश्चित को यज्ञ बलि दी। गुड फ्राइडे पर चर्च में आराधना हुई और पादरी ने सातों कलमों की व्याख्या की। इस मौके पर प्रभु ईशु के भजन भी गाए गए।

सरमन में कहा कि जिंदगी का नूर परमात्मा देता है। दुनिया के पहले इंसान हजरत आदम हैं परमात्मा ने उनका मिट्टी का पुतला बनाया है। परमात्मा सनातन आत्मा है उस पुतले में अपनी आत्मा को फूंक दिया। पुतले में आत्मा के फूंकते ही उसमें जिंदगी और नूर का संचार हो गया और वह जीवित इंसान हो गया। हाईवे स्थित मैथोडिस्ट चर्च में शुक्रवार की दोपहर पादरी नितिन मैसी ने सरमन में कहा कि सनातन परमात्मा मानव जाति को नरक के अनंत दंड से मुक्त करने के लिए मनुष्य की देह धारण करके और उसमें वास किया और समस्त मानव जाति के पापों के अनंत दंड से मुक्त करने के लिए सबको जीवन का आत्मा देने वाले स्वयं सबके प्राणों के ह्रदय हैं और सबके लिए गुड फ्राइडे को सबके पापों की सजा को अपने ऊपर ले लिया और हमारी सबके पापों के दंड मृत्यु को खुद सह लिया। मारे गए गाढ़े परन्तु तीसरे दिन रविवार को मुर्दों में से तुरंत जीवित होकर चालीस दिन दुनिया में रहकर फिर सबके देखते हुए स्वर्ग में परवाज कर गए और फिर इंसाफ करने आएंगे। अर्थात गुड फ्राइडे परमेश्वर के निमित मनुष्य के लिए पापों की एवजी बलिदान का शुभ दिन है। प्रभु ईशु मसीह ने यह नजात का दान है जो सारे पापों के दंड से मनुष्य को मुक्त कर देता है। जो इस बात पर विश्वास करता है परमेश्वर उसे स्वर्ग की अनंत शांति का जीवन प्रदान करता है। मसीह समुदाय ने उपवास रखकर प्रार्थनाएं कीं। इस अवसर पर जेटी जकी, रॉबिन बख्श, एली ग्रीफिन, एसएम लाल, एनोज एंथनी, सैमुअल चरन, सुशीला बैंजिमन, एली ग्रीफन, वीई ग्रीफन, इमानवेल लाल, पीयूष ग्रीफिन, एसके निर्दोष, डेविड, दीपेंद्र व्यास, अंकिता, मारिया मसीह, हिमांशु, अंशुल, रिया, रिंकी, विशाल चरन, मीनाक्षी चरन, बीएफ लाल आदि मौजूद रहे।



बिलासपुर के जोसफनगर चर्च में प्रार्थना करते फादर। ● अमृत विचार



क्रूस यात्रा निकालते समाज के लोग। ● अमृत विचार

### चर्च में यह गाए गए भजन

चर्च में श्रद्धालुओं द्वारा आह वो प्यारी सलीब, सलीम पर यीशु मुआ है और जान मैंने अपनी दी आदि भजन गाए गए। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। चर्च में बैठे श्रद्धालु भी भजनों को सुनकर उन्हें दोहराने लगे।

### गुड फ्राईडे पर ईसाई समुदाय ने निकाली क्रूस यात्रा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ईसाई समुदाय के लोगों ने गुड फ्राईडे मनाते हुए प्रभु यीशु के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान समुदाय द्वारा क्रूस यात्रा भी निकाली गई। क्षेत्र के गांव जोसफनगर स्थित चर्च में गुड फ्राइडे का पर्व मनाया गया। मुख्य वक्ता पल्ली पुरोहित फादर नियामत सिद्धू, सहायक पल्ली पुरोहित फ़िलेमोंन मिंज ने कहा कि गुड फ्राइडे यानि प्रभु यीशु ने इसी दिन समस्त मानव जाति के उद्धार और मनुष्यों के पापों के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ईसा मसीह परमेश्वर के बेटे हैं। उन्हें अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए मृत्यु दंड दिया गया था। उस समय यहूदियों के धर्मगुरुओं ने यीशु का पुरजोर विरोध किया। ऐसे में कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए पिलातुस ने यीशु को क्रॉस पर लटकाकर जान से मारने का आदेश दे दिया। लेकिन अपने हत्यारों की उपेक्षा करने के बजाए यीशु ने उनके लिए प्रार्थना करते हुए कहा था कि, हे ईश्वर इन्हें क्षमा कर क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या करने जा रहे हैं। जिस दिन ईसा मसीह को क्रॉस पर लटकाया गया था, उस दिन फ्राइडे यानी कि शुक्रवार था। तब से उस दिन को गुड फ्राइडे कहा जाने लगा। इस दिन ईसाई धर्म के लोग गिरजाघर जाकर प्रभु यीशु के सामने प्रार्थना कर उन्हें याद करते हैं। गांव हामिदनगर से क्रूस यात्रा निकाली गई, जोकि पूरे गांव का भ्रमण कर गांव जोसफनगर चर्च पर पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पहले ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने क्रूस यात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया।यात्रा में सिस्टरगण और युवाओं ने प्रार्थना और गीतों द्वारा भक्ति श्रद्धा भाव का संचार किया। इस मौके पर मास्टर थॉमस, प्रीतम सिंह, नाज़र मसीह, मास्टर एम्ब्रोस, राज मसीह, रीता मसीह, सिस्टर जूलियट, सावियो, संजय, अमन, मानशु, करण मसीह, गुलाम मसीह आदि का सहयोग रहा। इसके अलावा गांव फातिमानगर और ईसानगर स्थित चर्च से भी क्रूस यात्रा निकाली गई।उधर, सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, एलआइयू उपनिरीक्षक जीत सिंह बिष्ट, ईसानगर चौकी प्रभारी ललित कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# टीबी मरीजों की जांच करेगी पोर्टेबल एक्स-रे मशीन

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि जिले में कुष्ठ रोगियों की खोज की जा रही है। इसके लिए प्रचार वाहन भी चलाया गया है। जिसे शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सीएमओ कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में 2805 टीमें तथा 561 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। बताया कि पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें भी गांव-गांव रोगियों की जांच करने के लिए जाएंगी। कुष्ठ रोगियों की तलाश के लिए पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें भी उतारी गई हैं। एक्स-रे मशीनों से जांच करने के बाद तुरंत ही टीबी रोगी का पता लग जाएगा। इसके बाद टीम के सदस्य घर-घर जाकर दो वर्ष से ऊपर के सभी सदस्यों का शारीरिक परीक्षण करेंगे। घरों पर पहुंची टीम के सदस्यों द्वारा संदिग्ध कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें रोग की पुष्टि के लिए संबंधित चिकित्सा अधिकारी के पास संदर्भित किया जाएगा। रोग की पुष्टि होने पर उनका उपचार शुरू कराया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों में त्वचा पर हल्के तांबई रंग के सुन्न दाग-धब्बों का होना, हाथ-पैरों में झनझनाहट का अनुभव होना, नसों में दर्द होना, हाथ-पैरों में कमजोरी आना तथा त्वचा, चेहरे या कानों पर गांठों का होना शामिल है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

● 2805 टीमें और 561 सुपरवाइजर किए गए तैनात



पोर्टेबल एक्स-रे मशीन।

# यूपी-112 : रामपुर को 19वीं बार मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

**रामपुर, अमृत विचार:** यूपी-112 परफॉर्मेंस डैशबोर्ड पोर्टल की रैंकिंग में मार्च-2026 में यूपी-112 परियोजना रामपुर को लगातार 19वीं प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। 94.62 अंक प्राप्त कर रामपुर ने जिले ने यह उपलब्धि लगातार अपने पास रखी है। यूपी-112 परफॉर्मेंस डैशबोर्ड पोर्टल की रैंकिंग सिस्टम में रामपुर वर्ष 2024 में सितंबर से लेकर दिसंबर तक, वर्ष 2025 में जनवरी से दिसम्बर तक और 2026 में जनवरी, फरवरी व मार्च में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। इस रैंकिंग सिस्टम में मुख्य तौर पर सभी पीआरवी का औसत रिस्पांस टाइम, एक्नॉलेजमेंट, इन रूट, अराईव टाइम, पीआरवी उपलब्धता, कॉलर फीड बैक, आरओआईपी एक्टिविटी, इवेंट क्लोजर सिस्टम, अर्ली अराईव व विजिलेंस जांच रिपोर्ट के अंको के आधार पर जिले की रैंकिंग तय की जाती है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यूपी 112 के कुशल नेतृत्व में रामपुर ने लगातार अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा।

# आसमान के छाए रहे बादल अगले दो दिन बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहे और बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने 4 और 5 अप्रैल को भी बारिश का अनुमान जताया है। ऐसे में किसानों को चिंता है। खेतों में गेहूं और सरसों समेत दलहनी फसलें तैयार खड़ी है। मौसम वैज्ञानिक तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जता रहे हैं।

शुक्रवार को मौसम ने करवट ली सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। देर रात को हल्की बूंदाबांदी हुई और मौसम खुशगवार हो गया हालांकि, आसमान में बादल देख किसानों की धुकधुकी बढ़ गई। खेतों में गेहूं, सरसों, मसूर और चने की फसल तैयार खड़ी है। दो-चार दिन में गेहूं की कटाई शुरू हो जाएगी।

● खेत में गेहूं लगभग तैयार, किसानों की चिंता की बढ़ी

"3 से 5 अप्रैल तक विशेषकर 4 अप्रैल को अधिकांश जिलों में गरज चमक व तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम वर्षा की संभावना है।

\- **डॉ. उदय प्रताप शाही**, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ।

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 30 डिग्री से. |
| न्यूनतम तापमान | 22 डिग्री से. |
| आद्रता | 41 प्रतिशत |
| वायु वेग | 13 किमी. प्रति घंटा |

# हार्ट अटैक वाले मरीजों को मुफ्त मिलेगा थ्रोम्बोलाइटिक इंजेक्शन

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में हार्ट अटैक के मरीजों की जान बचाने के लिए थ्रोम्बोलाइटिक का इंजेक्शन मुफ्त मिलेगा। एक इंजेक्शन की कीमत करीब 40 हजार रुपये है। हार्ट के मरीजों को इमरजेंसी में इलाज देने के लिए चार सदस्यीय टीम को प्रशिक्षण दिलाया गया है।

इंजेक्शन लगने के बाद जिला अस्पताल से बरेली, मुरादाबाद, मेरठ या दिल्ली के लिए रेफर किए गए मरीज जिंदा पहुंच सकते हैं। हार्ट के मरीजों को फर्स्ट एड देने के लिए डॉ. एसएस झा और डॉ. नवीन कश्यप समेत चार स्टॉफ ने मेरठ में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिला अस्पताल में दिल के मरीजों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। दिल के मरीज जिला अस्पताल पहुंचते थे और उनको बरेली, मुरादाबाद या मेरठ रेफर कर दिया जाता था, लेकिन रास्ते में मरीज दम तोड़ देते थे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि थ्रोम्बोलाइटिक इंजेक्शन दिल की नसों में जमे खून के थक्कों को घोलने में मदद करता है। इंजेक्शन लगाने के बाद मरीज को दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया जाएगा। लेकिन रेफर करने से पहले मरीज को जिला अस्पताल में शुरुआती इलाज मिल जाने हार्ट के मरीजों की जान बच सकेगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि दो चिकित्सक और दो स्टॉफ नर्स प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। शासन से इंजेक्शन मिलने के बाद हार्ट के मरीजों का प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल में शुरू हो जाएगा।



जिला अस्पताल।

● मरीज की जान बचाने वाले इंजेक्शन की कीमत है करीब 40 हजार रुपये

## न्यूज डायरी

### रोवर्स-रेंजर्स को दी हाईकिंग, प्रतीक चिन्ह की जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स शिविर में शुक्रवार की सुबह ध्वजारोहण, प्रार्थना, झण्डा गीत हुआ। इसके बाद प्रशिक्षकों ने रोवर्स-रेंजर्स को हाईकिंग, प्रतीक चिह्न, सीटी के संकेत, प्राथमिक चिकित्सा आदि का प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा निबंध लेखन, रोल प्ले और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। 5 दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर में तीसरे दिन प्रशिक्षण आयुक्त प्रेमपाल सिंह और जिला संगठन आयुक्त गाइड नरवंत कौर ने रोवर्स-रेंजर्स को प्रतीक चिन्ह और सीटों संकेतों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा हाईकिंग में किस प्रकार टेंट निर्माण करना है और किस जगह का चुनाव करना है इस बारे में बताया। इस दौरान रोवर लीडर डॉ. राजेश कुमार, सहायक रोवर लीडर डॉ. अख्तर हुसैन, रेंजर लीडर डॉ. माया भारती एवं सहायक रेंजर लीडर डॉ. नेहा नागपाल मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं निर्णायकों में डॉ. अब्दुल वाहिद शाह, डॉ. इरम नईम, डॉ. उपदेश छिम्वाल एवं डॉ0 नेहा नागपाल शामिल रहे।





### एसपी ने कमांड रूम व नवीन पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ एकीकृत कमांड रूम, आरओआईपी-112 कार्यालय, कंट्रोल रूम एवं नवीन पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली सूचनाओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सतर्क एवं संवेदनशील रहते हुए प्रत्येक सूचना पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डायल-112 पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं का पीड़ितों से फीडबैक लेने के लिए निर्देश दिए। जबकि नवीन पुलिस कार्यालय में विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की गई तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, साफ-सफाई एवं कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### पदोन्नति पर एसपी व एएसपी ने पुलिसकर्मी को लगाए सितारे

**रामपुर, अमृत विचार :** संजीव कुमार उप-निरीक्षक लिपिक से निरीक्षक लिपिक के पद पर प्रोन्नत हुए हैं। वर्तमान उनकी तैनाती पुलिस कार्यालय रामपुर में है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा कंधों पर सितारे लगाकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### ताहिर फराज की याद में 18 अप्रैल को सजेगी उर्दू अदब की महफिल



**रामपुर, अमृत विचार :** विश्व विख्यात रामपुर के शायर ताहिर फराज के इंतकाल के बाद उनकी याद में 18 अप्रैल को एक ऑल इंडिया मुशायरा होने जा रहा है। तालीम ए तरबियत वेलफेयर सोसाइटी की ओर से ये मुशायरा होगा। सोसाइटी के अध्यक्ष फैसल खान लाला ने बताया कि शायरी की दुनिया मे ताहिर फराज का एक बड़ा नाम हैं, जो रामपुर से ताल्लुक रखते थे। पिछले दिनों मुंबई मे उनका इंतकाल हो गया था। उनकी याद मे ये आल इंडिया मुशायरा 18 अप्रैल किला मैदान में होने जा रहा है। मुशायरे में मरहूम ताहिर फराज को खिराजे अकीदत पेश करने के लिए देश के नामचीन शायर शिरकत करेंगे। इनमें वसीम बरेलवी, अजहर इनायती, शहजादे गुलरेज, अबरार काशिफ, शबीना अदीब, जौहर कानपुरी, पॉपुलर मेरठी, चीन सिंह बशर, अबरार काशिफ, अकील नोमानी, बिलाल सहारनपुरी, अजम शाकिरी, मन्नान फराज, चिराग शर्मा, निगहत अमरोही, शकील गोस, जावेद नसीमी, नईम नजमी, जिया इनायती सहित कई बड़े शायर अपने कलाम पेश करेंगे। मुशायरे मे गेस्ट ऑफ ऑनर मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और डीएम व एसपी खास मेहमान होंगे।

**समस्या** — नगर पालिका रामपुर के पास फागिंग और एंटी लार्वा की चार मशीनें फिर भी यह हाल

# मच्छरों के प्रकोप ने लोगों का जीना किया मुहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गर्मी शुरू होते ही मच्छरों ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। जिससे लोगों को नींद तो उड़ रही है, ऐसे में बीमारी का खतरा भी मंडराने लगा है।

नगर पालिका रामपुर के पास चार फागिंग और एंटी लार्वा मशीनें हैं इसके बावजूद नियमित छिड़काव नहीं हो रहा है। गंदगी से बजबजाते नालों में मच्छरों की फौज पल रही है। लोग प्रतिदिन शाम को शहर के हर मोहल्ले में फागिंग कराए जाने की मांग कर रहे हैं। शहर के अधिकांश नाले गंदगी से बजबजा रहे हैं और उनके मच्छरों के लार्वा पल रहे हैं। संचारी माह के तहत अभियान चल रहा है लेकिन, नाले और नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं कराया गया है। नगर पालिका के 43 वार्डों में चक्रवार नाले नालियों की सफाई और फॉगिंग कराई जा सकती है। नाले और नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से लोग मच्छरों से परेशान हैं। अब तो दिन में भी मच्छर भिनभिनाते रहते हैं। शाम ढलते ही घरों और छतों पर मच्छरों की फौज पहुंच जाती है और लोगों को बात तक नहीं करने देती। मुंह खुलते ही मच्छर मुंह में घुस जाते हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही मच्छरों के कटाने से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। शहर के मोहल्ला खटकान निवासी शरीफ अहमद का कहना है कि कई बार पालिका अधिकारियों को पत्र देकर नालों की सफाई और फागिंग कराए जाने की मांग की जा चुकी है लेकिन स्थिति जस की तस है। तिलक कालोनी निवासी राजेश बताते हैं कि अप्रैल में संचारी रोग फैलने का खतरा बना रहता है पालिका अधिकारियों को पूरे शहर में चक्रवार फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराना चाहिए। ताकि, लोग रात को चैन की नींद सो सकें।



गंदगी से अटा नाला, पनप रहे मच्छर। ● अमृत विचार

### इन जगहों पर पनप रहे मच्छर

जिला पंचायत, कृषि भवन, विकास भवन, घेर तोगां, नालापार, ज्वालानगर, सीआरपीएफ गेट नंबर 3, लाल मस्जिद, कटकुइयां, जेल रोड, मदरसा कोहना, पुराना गंज आदि

"शहर के नालों की सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा फागिंग और एंटी लार्वा मशीनें लगातार छिड़काव कर रही हैं।

\- **सना मामून**, पालिकाध्यक्ष

# ब्लाक प्रमुख ने किया वैक्सीनेशन डेस्क का शुभारंभ

**बिलासपुर, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन डेस्क का शुभारंभ किया गया।

ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। उन्होंने वैक्सीनेशन डेस्क को महत्वपूर्ण बताया। इसका उद्देश्य ह्यूमन पेपिलोमा वायरस से बचाव के लिए एंटी-वैक्सीन टीके लगाना है, जो सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करते हैं। उद्घाटन के बाद ब्लाक प्रमुख ने डेस्क के बारे में जानकारी ली और सभी पात्र बेटियों से टीकाकरण कराने का आग्रह किया। डेस्क पर सबसे पहले फातिमा ने टीका लगवाया। उन्होंने अन्य बेटियों को भी इस टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी ने बताया कि यह टीकाकरण स्वैच्छिक है। 14 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की बेटियां यह टीका लगवा सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अपहरण के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मिलक, अमृत विचार :** ग्राम मंसूरपुर थाना शाही बरेली निवासी नेमवती ने 11 अगस्त 2024 को नेकपाल, मिश्रीलाल, देवीदास, विनोद, विजयपाल, वीर सिंह, वेदप्रकाश, तारावती निवासी ग्राम क्रमचा का मझरा खेडा थाना मिलक में पति रामभरोसे लाल के साथ मारपीट कर अपहरण करने का मुकदमा दर्ज कराया था।


हिरासत में आरोपी।

शुक्रवार को नेकपाल निवासी ग्राम क्रमचा का मझरा खेडा को शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम धनेली पूर्वी पुल के नीचे गिरफ्तार कर लिया। जिसको गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** केमरी क्षेत्र के ग्राम राम नगरिया निवासी 60 वर्षीय चंद्रपाल सिंह मंगलवार को घर की गैस भरवाने अपने बेटे गोविंद के साथ खानपुर की गैस एजेंसी गए थे। गैस लेकर सवारी का इंतजार कर रहे थे। इतने में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। घायल को जिला अस्पताल से रेफर किया गया। घायल को मुरादाबाद से दिल्ली लेकर जा रहे थे। गुरुवार शाम बुजुर्ग मौत हो गई। शुक्रवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


मृतक चंद्रपाल।

### इग्नू में 10 तक ले सकते हैं प्रवेश

**अमृत विचार, रामपुर :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. सोमेंद्र सिंह ने बताया कि इग्नू में प्रवेश की तिथि आगे बढ़ाते हुए 10 अप्रैल कर दी गई है। कहा कि दूरस्थ शिक्षा प्राप्त करने वाले सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं। समन्वयक ने बताया कि इग्नू में एमएससी गणित, एमकॉम, एमए शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा स्नातक के लिए बीए, बीए आनर्स अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, बीकॉम, बीबीए किया जा सकता है। इग्नू में डिप्लोमा के साथ सर्टिफिकेट कोर्स भी हैं।

# प्रशासन के आदेशों को हवा में उड़ा रहे प्राइवेट स्कूलों के संचालक

## एनसीईआरटी के सापेक्ष प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें कई गुनी महंगी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** प्राइवेट स्कूल संचालक प्रशासन के आदेशों को हवा में उड़ा रहे हैं। संचालकों द्वारा अभिभावकों पर निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने को दबाव बनाया जा रहा है। निजी प्रकाशकों की किताबें कई गुना महंगी हैं। प्राइवेट स्कूलों के संचालकों की मनमानी से अभिभावकों की जेब पर डाका पड़ रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि अभियान चलाकर ऐसे स्कूल संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन द्वारा संचालकों और प्रधानाचार्यों को कक्षा 8 तक एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराने के आदेश दिए हैं। लेकिन जिले के अधिकांश स्कूलों में प्रशासन के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है।


किताबों की दुकानों के सामने वाहन खड़े होने से लगा जाम। ● अमृत विचार

> मनमानी करने वाले निजी स्कूल संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। पुस्तक विक्रेताओं की दुकानों पर चेकिंग कराई जाएगी कि कौन सी किताबों को खरीदने पर जोर दिया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। **- अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के प्रवेश के समय निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए दबाव बना रहे हैं।

कई स्कूल संचालकों द्वारा निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने के लिए कहा गया है। जिसके कारण अभिभावकों के जेब पर बेवजह का बोझ बढ़ गया है। पुस्तक विक्रेताओं की दुकानों पर अभिभावकों की भीड़ लग रही है और बहुत देर बाद कोर्स खरीदने के लिए नंबर आ रहा है।


प्राइवेट स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबें लगाए जाने पर जोर है। जबकि, एनसीईआरटी की किताबें बहुत कम कीमत में उपलब्ध हैं। स्कूल संचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं। **- फैजान**


निजी स्कूलों की मनमानी से तंग आ गए हैं समाज के डर से बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है वर्ना उनसे अच्छी पढ़ाई सरकारी स्कूलों में है। वहां प्रशिक्षित टीचर हैं। **- मोईन**


कोर्स लेने आए थे लेकिन, किताबों की दुकानों पर बहुत भीड़ है। काफी देर से किताबों के खरीदने के इंतजार में खड़े हैं। स्कूल में जिन किताबों की लिस्ट दी गई है वही खरीदेंगे। **- हमजा**

## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ दिल्ली महारैली आज

**संवाददाता, रामपुर, अमृत विचार:** पुराने शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक मुखर हैं। शनिवार आज को दिल्ली रामलीला मैदान में महरैली आयोजित होगी। इसमें टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले रामपुर के करीब 500 शिक्षक भी महरैली में शामिल होंगे।

● **रामपुर के 500 शिक्षक होंगे शामिल**

इसके लिए शिक्षकों की कई बसें अलग अलग तहसील क्षेत्रों से जाएंगी। चरन सिंह जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सभी शिक्षकों से भारी संख्या में दिल्ली जाने का आह्वान किया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह, जिला महामंत्री, डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना ने शिक्षकों के हित में महारैली को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को एकता के साथ मुद्दे पर एक मंच पर आना होगा।

# उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद भी नहीं मिल रही गैस


मसवासी में गैस एजेंसी पर खड़े उपभोक्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, मसवासी :** होम डिलीवरी न होने से नगर के गैस उपभोक्ताओ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मसवासी की एक गैस एजेंसी पर गैस बुक कराने के लिए 45 दिन का बोर्ड चस्पा कर रखा है लेकिन, बुकिंग 45 दिन बाद भी नही की जा रही है।

गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जबकि नगर पंचायत मसवासी शहरी क्षेत्र में आता और यहा के नागरिक शहर की तरह ही हर टैक्स भर रहे हैं लेकिन गैस एजेंसी संचालक की नजर मे नगर पंचायत ग्रामीण क्षेत्र है। गैस एजेंसी संचालक ने नगर के गैस उपभोक्ताओं को भी ग्रामीण क्षेत्र की श्रेणी मे कर दिया है। इसकी शिकायत नगर के गैस उपभोक्ताओ ने उपजिलाधिकारी से की है। स्वार की गैस एजेंसी पर भी उपभोक्ताओं की लाइन लगी रहती है। 45 दिनों की अवधि में उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि रूटीन के हिसाब से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

# मासूम के साथ किया दुष्कर्म का प्रयास

**बिलासपुर, अमृत विचार:** ई-रिक्शा चालक पर मानसिक रूप से कमजोर नौ वर्षीया मासूम के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप है। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक मासूम को बहला-फुसलाकर कर साथ ले गया। उसके दुष्कर्म का प्रयास किया। मामले में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

एक मोहल्ले में रहने वाला अनुसूचित जाति का व्यक्ति शुक्रवार की दोपहर करीब तीन बजे राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम के साथ थाने पहुंचा। जहां उसने प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह से मुलाकात कर शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा कि उसकी नौ वर्षीया पुत्री मानसिक रूप से कमजोर है।शुक्रवार वह बिना बताएं घर से पुरानी तहसील रोड पर पहुंच गई। जहां उसे एक ई-रिक्शा चालक उसे बहला-फुसलाकर ले जा रहा था।आरोप है कि ग्राम फाजलपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास चालक उसकी बेटी को रिक्शा से उतारकर झाड़ियों में ले जा रहा था।


बिलासपुर में कोतवाली गेट पर खड़े राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता।

इस दौरान राहगीरों ने उक्त चालक को दबोच लिया और उसके परिवार को इसकी सूचना दी। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रमोद दिवाकर के नेतृत्व में टीम पहुंची और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली में हंगामा किया। इस पर आक्रोशित टीम को शांत करते हुए उचित कार्रवाई अमल में लाएं जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदीप गंगवार, साजन वाल्मीकि, सुनील कश्यप, मुनीष, मुकेश, विशाल, निखिल, अनुज आदि मौजूद रहे। उधर, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता के पिता की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर ही अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। साथ ही विवेचना के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# महापुरुषों की जयंती की तैयारियों पर चर्चा

**रामपुर, अमृत विचार:** सराय गेट स्थित माता संतोषी मंदिर प्रांगण स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर शुक्रवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। इसमें महाराज निषादराज व महर्षि कश्यप की जयंती की तैयारी को लेकर चर्चा की।

जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने बताया कि 12 अप्रैल को जिला सहकारी बैंक सभागार में महाराज निषादराज व महर्षि कश्यप जयंती पर भव्य कार्यक्रम होगा। इसमें सभी तहसील की ग्राम पंचायत व नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले सभी तुरैहा मछुआ समाज के स्वजातीय परिवार सहित प्रतिभाग करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इसमें मुख्यातिथि मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि मुरादाबाद के मशहूर डॉ. सीपी सिंह और उत्तराखंड सरकार में राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप रहेंगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिम्मेदारी दी गई।



बैठक करते तुरैहा मछुआ समाज के लोग। ● अमृत विचार

जिलाध्यक्ष ने बताया की 5 अप्रैल को तहसील बिलासपुर में सिनेमा रोड माता मंदिर के प्रांगण में निषादराज गृह भगवान रामचंद्र जी के बाल सखा महाराज निषादराज की जयंती के साथ-साथ महर्षि कश्यप जी की जयंती मनाई जाएगी। जिलामंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट ने बताया की 12 अप्रैल के कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जिला महामंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार एडवोकेट, अजय कुमार प्रधान, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, अर्जुन सिंह, अर्जुन कुमार, जिला कोषाध्यक्ष मुरारी लाल तुरैहा आदि मौजूद रहे।

## टांडा में अतिक्रमण हटाने की मांग

**टांडा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला ने एसडीएम राजकुमार भास्कर को दिए गए पत्र में जामा मस्जिद और मियां वाली मस्जिद जाने वाले रास्तों पर कुछ दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को साफ कराने की मांग की है।

कहा अतिक्रमण के कारण सड़के संकरी होने से भीषण जाम लग रहा है, जिससे राहगीरों और नमाजियों को भारी असुविधा हो रही है। उन्होंने जल्द अतिक्रमण कारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग है। पत्र में कहा गया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस की आपूर्ति नहीं हो रही है। डीएसी कोड न आने के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है और समय पर कोड प्राप्त नहीं हो रहे हैं। गैस एजेंसी मालिकों पर लापरवाही और अभद्र व्यवहार टालमटोल के गंभीर आरोप लगाया है।

# चैलेंजर ने 38 और मेवरिक्स ने 11 रन से जीता मैच

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** बमनपुरी स्थित शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच रामपुर टाइटन और रामपुर चैलेंजर और दूसरा मैच रामपुर मेवरिक्स एवं रामपुर वारियर्स के बीच खेला गया। पहले मैच में रामपुर चैलेंजर्स की टीम ने 38 रन से और दूसरे मैच में रामपुर मेवरिक्स की टीम ने 11 रन से मैच जीत लिया।

स्टेडियम पर शुक्रवार की सुबह पहला मैच रामपुर टाइटन एवं रामपुर चैलेंजर की टीमों के बीच खेला गया। रामपुर टाइटन के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लेकिन, कप्तान का यह फैसला टीम के लिए अच्छा नहीं रहा। रामपुर चैलेंजर के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान और मोहम्मद फुरकान बल्लेबाजी करने पिच पर आए। फुरकान ज्यादा देर तक पिच पर टिक नहीं सके और जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद मोहम्मद इरशाद पिच पर आए और 28 रन बनाए। मोहम्मद उस्मान ने अच्छी बल्लेबाजी की और 32 गेंदों पर 62 रन बनाए इनके अलावा मोनू सिंह यादव ने 27 रन बनाए। टाइटन की ओर से अमन ने तीन विकेट, मनस्वी ने दो विकेट चटकाए। रामपुर चैलेंजर्स की टीम 23 ओवर में 196 पर आउट हो गई। जवाब में खेलने उतरी रामपुर टाइटन की टीम 24 ओवर में 158 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें अरुण ने 53 गेंद पर 54 रन, सरफराज ने सात गेंद पर 24 रन, शोएब चौधरी ने 28 गेंदों में 27 रन बनाए। रामपुर चैलेंजर के गेंदबाज दिलशाद पांच ने ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लिए। रामपुर चैलेंजर्स की टीम ने 38 रन से मैच जीतकर पहला सेमीफाइनल खेलेगी। दूसरा मैच रामपुर मवेरिक्स और रामपुर वारियर्स की टीमों के बीच खेला गया।


शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● **शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर हो रहा क्रिकेट टूर्नामेंट**

रामपुर मेवरिक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 193 रन बनाए। जिसमें रवि वीर सिंह ने 55 रन, लक्ष्य सिंह 43 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी रामपुर वॉरियर्स की टीम 182 रन बनाकर आउट हो गई। रामपुर मेवरिक्स की टीम 11 रन से मैच जीत गई। अमित सिंह चौहान को मैन ऑफ दि मैच का अवार्ड स्वाति सिंघल ने दिया। इस मौके पर रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन, डॉ. डीएस चौहान समेत क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## दो बाइक सवारों ने की बच्चे के अपहरण की कोशिश

**बिलासपुर, अमृत विचार:** दो बाइक सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक मासूम बच्चे के अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में खलबली मच गई है और स्थानीय निवासियों ने सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। बीते गुरुवार की देर रात यह घटना मोहल्ला सोमवार का बाजार लक्ष्मीनगर स्थित एक स्कूल के निकट घटित हुई। मोहल्ला निवासी सुधीर कुमार के पुत्र उज्जवल दस वर्षीय अपने घर के समीप मौजूद था। तभी बुलेट मोटर साइकिल पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और बच्चे को साथ ले जाने का प्रयास करने लगे। बच्चे के शोर मचाने और आस-पास के लोगों के एकत्रित होने के कारण बाइक सवार फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## न्यूज डायरी

### एसपी ने शाहबाद थाने का निरीक्षण किया, रिकॉर्ड खंगाले

**शाहबाद, अमृत विचार :** रामपुर के नवागत पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने गुरुवार रात शाहबाद थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय में रखे अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर और फ्लाई शीट सहित विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच की। थाना परिसर में कार्यालय, भोजनालय, मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर सेल का भी निरीक्षण किया। परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने महिला सशक्तिकरण, आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटी से छोटी घटना पर भी त्वरित एवं विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता का पुलिस पर भरोसा मजबूत बना रहे।



### ग्राम प्रधान के साथ मारपीट मामले में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वार थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर उत्तरी में प्रधान पति के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज का ली है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को ग्राम खानपुर उत्तरी में प्रधान पति राजीव गौतम गांव में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें अपमानित किया और मारपीट कर दी। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि पथराव शुरू हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्वार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया और उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया। सीओ स्वार ने बताया कि अतुल कुमार पांडे ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

### पुलिस ने अपहृत युवती को राजस्थान से किया बरामद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने एक माह पूर्व अपहृत की गई युवती को राजस्थान के गंगानगर से सकुशल बरामद कर लिया है। कस्बा चौकी इंचार्ज योगेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि युवती को राजस्थान के गंगानगर से बरामद कर यहां लाया गया है। नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले के निवासी व्यक्ति ने 6 मार्च को कोतवाली में राजस्थान के गंगानगर निवासी लखवीर सिंह के खिलाफ अपनी बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता के अनुसार परिवार पहले रुद्रपुर उत्तराखंड में रहता था। पिछले साल 28 नवंबर को भी इसी आरोपी ने उनकी बेटी का अपहरण किया था। तब रुद्रपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और रुद्रपुर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया था। इसके बाद परिवार रुद्रपुर छोड़कर यहां के एक मोहल्ले में आकर रहने लगा। जेल से बाहर आने के बाद आरोपी लखवीर सिंह ने बीती 1 मार्च को दोबारा युवती का अपहरण कर लिया था।कस्बा चौकी इंचार्ज ने बताया कि युवती के पिता ने मुकदमे में अपनी बेटी की आयु 17 वर्ष बताई है। वहीं, युवती का कहना है कि वह बालिग है और उसने लखवीर सिंह से विवाह कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि नियमानुसार युवती का मेडिकल परीक्षण और उम्र की जांच कराई जाएगी।

### निर्माण को लेकर विवाद, दो का चालान

**स्वार, अमृत विचार :** मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई की है। नगर के मोहल्ला खास निवासी रहीस अहमद का खेत गांव फाजलपुर के पास स्थित है। शुक्रवार को गांव फाजलपुर निवासी टिंकू अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहा था। इसी दौरान रहीस अहमद अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का विरोध करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और कहासुनी के साथ गाली गलौज शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच हाथापाई भी हो गई, जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया।

### खंभे से टकराई कार, सात जख्मी

**शाहबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को मनोना धाम से वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की कार थाना सैफनी क्षेत्र के बलुपुरा मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े खंभे से टकरा गई। हादसे में कार सवार सात श्रद्धालु घायल हो गए। जिनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। लोगों ने बताया कि सैफनी थाना क्षेत्र के गांव बलुपुरा के मोड़ पर कार का टायर फटने से ये कार अनियंत्रित हुई। जिससे कार सड़क किनारे खंभे से जा टकराई। हादसे में जनपद मुरादाबाद के कुंदरकी के गांव निवासी नगला हसन निवासी सोनम, जगपाल, अनिल, ओमवती, दिशा, अनु, मीनू और पाकबाड़ा निवासी राजगोला जख्मी हो गए।

# रामपुर ने रुद्रपुर की टीम को 3-2 से हराया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में फुटबॉल मैच खेला गया। प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को संघर्षपूर्ण मुकाबले में मानिंग क्लब रामपुर ने बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर की टीम को 3-2 गोल से हरा दिया।

स्टेडियम पर मॉर्निंग क्लब रामपुर और बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर के बीच में मैच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले हाफ में मैच शुरू होते ही मॉर्निंग क्लब रामपुर के खिलाड़ी सदान ने मैच के 17 वें मिनट मे 1 गोल कर टीम का खाता खोल दिया।बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर की टीम पहले हाफ में गोल के लिए संघर्ष करती रही लेकिन, कोई सफलता नहीं मिली।


महात्मा गांधी स्टेडियम में भिड़ते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● **दोनों टीमें 1-1 गोल से रहीं बराबर, पेनाल्टी शूट आउट से हुआ फैसला**

दूसरे हाफ के 58 वें मिनट में बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर के खिलाड़ी ने शानदार फ्री किक लगाते हुए गोल में तब्दील कर दिया। जिसके बाद दोनों ही टीमें एक-एक गोल की बराबरी पर आ गईं और मैच के अंत तक इसके बाद किसी टीम को कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। इसके बाद मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट से हुआ। पेनाल्टी शूट आउट में मॉर्निंग क्लब रामपुर ने बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर को 3-2 से हरा दिया। मैच के निर्णायक अजीत कुमार रहे जबकि, लाइन मैन की भूमिका शिवम और हिमेश ने निभाई। इस अवसर पर मनोज कुमार उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, अभिषेक लाल, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू , अमित चौहान, , नितिन, इशू, विजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार को रुड़की और टांडा की टीमों के बीच मैच होगा।

# युवकों पर किया हमला दबंगों ने जला दी बाइक

**रामपुर, अमृत विचार:** शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दीनपुर निवासी रितेश, रोहित व प्रमोद गुरुवार को धमोरा लाइब्रेरी जा रहे थे। इनका आरोप है कि रास्ते पड़ने वाले गांव नानकार में छह दबंगों ने इन पर हमला बोल दिया और बाइक को आग लगा दी। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित रितेश ने बताया कि कि नानकार गांव निवासी आलोक, गौरव, सतीश, अंश, अनेक सिह व ग्राम प्रधान महावीर ने घेर कर जान से मारने की नियत से मारपीट कर उनकी बाइक में आग लगा दी व एक मोबाइल तोड दिया। इससे पहले एक बार तरुण लाइब्रेरी धमोरा में दबंगों ने मारपीट की थी। जिसमे थाना शहजादनगर मे समझौता हो गया था। पीड़ित रितेश तरुण नाम से लाइब्रेरी चलाता है।


दबंगों द्वारा जलाई गई बाइक।

● **छह आरोपियों पर शहजादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज**

नानकार के लड़के लाइब्रेरी मे गुंडा गर्दी करते थे, इसलिए इन्हें लाइब्रेरी में इन्ट्री रोक दी थी। आरोपियों का कहना था कि हमारे बच्चों को लाइब्रेरी में एन्ट्री नहीं दोगे तो हम जान से मार देंगे। प्रार्थी के विरोध करने पर दूसरी बार जान से मारने की नियत से हमला किया गया।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, दो घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी मचनी पत्नी सुरेश एवं सास विमला के साथ शुक्रवार की सुबह ई रिक्शा में बैठकर नगर को आ रही थी। जैसे ही वह तीसरा मिल के निकट पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो रहरा की दिशा से आ रहे कार चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई रिक्शा सड़क पर पलट गई, जिसमें बैठी मचनी उसकी सास विमला घायल हो गई।

### बेटे ने पिता को पीट कर किया घायल, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक घेर निवासी बुद्धा पुत्र रामफल परिवार के साथ रहता है, उस के तीन पुत्र हैं। सबसे छोटा पुत्र ट्रक चालक है। शुक्रवार की दोपहर आरोपी ट्रक चलाकर अपने घर लौटा तो वह शराब के नशे में धुत था। पिता के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी पुत्र ने पिता के साथ मारपीट की, जिससे उनके हाथ की उंगली टूट गई। रामफल ने बेटे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

## नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने पार्टी मजबूत करने का दिया संदेश, एमएलसी ने जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य कारिणी की घोषणा गुरुवार देर रात की गई। इससे कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। शुक्रवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया और उन्हें बधाइयां दी गईं।

जारी सूची के अनुसार अभिनव कौशिक को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह भाजपा जिला महामंत्री के पद पर थे। शुक्रवार को सैदनगली में उनके आवास और कार्यालय पर स्थानीय कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने पहुंचकर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके अलावा कपिल उर्फ मयंक अग्रवाल, ईश्वर गुर्जर, सुधीर चौहान, शुभम चौधरी, सत्यवीर जाटव, अतुल चौधरी व हिमांशु त्यागी को भी जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भूप सिंह, प्रेम सिंह सैनी व राजीव चौहान भाजपा जिला महामंत्री बने हैं। शहर में डॉ हरि सिंह ढिल्लों (एमएलसी) के आवास पर भी स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां नवनियुक्त पदाधिकारी शुभम चौधरी, भूप सिंह और शुभम जालान व अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि नई टीम के गठन से संगठन को और मजबूती मिलेगी।


पदाधिकारियों का स्वागत करते एमएलसी डॉ हरि सिंह ढिल्लो। ● अमृत विचार


नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### संगठन में जगह न मिलने पर सोशल मीडिया पर छलका दर्द

**रहरा, अमृत विचार :** अमरोहा जनपद की भाजपा की जिला कार्यकारिणी की सूची अचानक से इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई। कार्यकारिणी में दायित्व न मिलने पर पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने अपने मन की बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कह डाली। उधर विपक्षी खेमा भी तंज कसने से पीछे नहीं रहा। दरअसल, देर रात करीब 10 :30 बजे भारतीय जनता पार्टी ने अमरोहा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। अलग-अलग दायित्वों के अनुसार 32 पदाधिकारीयों की यह सूची इंटरनेट मीडिया पर आग की तरह फैल गई। पार्टी द्वारा जारी हुई कार्यकारिणी की सूची से कुछ भाजपाइयों को दोबारा कार्यकारिणी में जगह मिली है तो कई को कोई दायित्व न मिलने पर निराशा हाथ लगी है। जातीय विशेष के लोगों को कार्यकारिणी में दायित्व ने मिलने पर निराशा प्रकट की। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व ने जो तय किया है। हम उसका सम्मान करते हैं। सभी अच्छे कार्यकर्ताओं को कमेटी में जगह मिली है। अभी और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देना बाकी है।

### अभिनव कौशिक का हुआ स्वागत

**सैदनगली, अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यकारिणी में अभिनव कौशिक को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर वैश्य महासभा सैदनगली, सैनी महासभा और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कैंप कार्यालय पर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने अभिनव कौशिक को पटका पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वैश्य समाज के अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग, डॉ. पुनीत गुप्ता, अनुराग गर्ग, भाजपा नेता राकेश सैनी, जगसरन सैनी, विनीत सैनी, विक्रम सैनी, नामित सभासद शेखर गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष शेरपाल गुर्जर, नीटू भाटी, सभासद भगवत खड़गवंशी, धारा सिंह, सूखा खड़गवंशी, नवनीत अग्रवाल, निशित गुप्ता, सचिन गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अमित भाटी, सभासद अमित गुर्जर, राकेश गुप्ता, स्कंद गुप्ता, अनुज अग्रवाल, दिनेश टांक, विनीत अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**डिडौली (अमरोहा), अमृत विचार:** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद जनपद के थाना मैनाठेर क्षेत्र निवासी आबिद पुत्र सादक अपनी ससुराल जनपद अमरोहा के डिडौली क्षेत्र स्थित गांव मिलक गौसपुर जा रहे थे। जैसे ही वह गांव चौधरपुर के सामने नेशनल हाईवे-9 पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि उन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए जज्बा फाउंडेशन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा नगर की भीषण जाम समस्या को लेकर सामाजिक संस्था जज़्बा फाउंडेशन ने गंभीरता दिखाते हुए नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से शिष्टाचार भेंट कर उनका गुलदस्ता भेंटकर स्वागत भी किया।

संस्था के अध्यक्ष इकबाल खान अमरोहवी ने एसपी को अवगत कराया कि नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आमजन को घंटों जाम से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए पांच प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में कहा गया कि नगर में ई-रिक्शा की संख्या अनियंत्रित रूप से बढ़ गई है, जिसे मानकों के अनुरूप नियंत्रित किया जाना चाहिए। साथ ही, गूगल मैप की तकनीकी खामियों के चलते बाहरी भारी वाहन बाईपास के बजाय शहर के भीतर से गुजर रहे हैं, जिससे जट बाजार, स्टेट बैंक और मंडी चौब जैसे क्षेत्रों में जाम की स्थिति बनती है। इसके लिए उचित साइन बोर्ड लगाने की मांग की गई। एसपी ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर ताजदार काज़मी, साजिद मंसूरी, सैफ सिद्दीकी, शाने हैदर, मास्टर आलम तुर्क, हारून खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


एसपी को ज्ञापन देते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

● **जाम की समस्या से शहर को छुटकारा दिलाने की मांग**

# हर्षोल्लास से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ में स्थित शिव मंदिर पर हनुमान बालाजी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष वैदिक विधि-विधान से विशेष पूजन-अर्चन किया गया।

इस अवसर पर भगवान राम दरबार, हनुमान बालाजी और राम-सीता-लक्ष्मण की भव्य झांकी निकाली गई। भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान ने समस्त कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान बालेश्वर नागर, धर्मेंद्र कुमार, विशाल कुमार, नितिन, कपिल, होमाशंकर, रोहित, बाबूराम, अक्षय, संजीव, अर्जुन सिंह, लखमी सिंह, लेखराज, सूरज सिंह, सोनू, कृष्णन कुमार, प्रदीप विश्वकर्मा, सीताराम, नंदन सिंह, सुभाष सिंह व दिनेश आदि मौजूद रहे।

● **कस्बे में निकाली गई श्रीराम और हनुमान जी की झांकी**


झांकी में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# किशोर की हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों ने थाने पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर/आदमपुर

**अमृत विचार :** रहरा गांव निवासी किशोर का शव गुरुवार को देर शाम नदी के पेड़ पर लटका मिला था। परिजनों ने अपहरण कर हत्या का आरोप लगाते हुए थाना पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लएं भेज दिया।


चमन सिंह।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई निवासी 17 वर्षीय चमन सिंह अपनी बुआ के यहां रहकर आदमपुर में बाइक एजेंसी पर मिस्त्री का कार्य सीख रहा था। परिजनों का कहना है कि गुरुवार दोपहर खाना खाने के बाद चमन फिर से एजेंसी पर चला गया। देर रात तक भी वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। इस दौरान आदमपुर के नजदीक नदी किनारे 17 वर्षीय चमन का शव पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने परिजनों के पहुंचने से पहले ही शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। गुस्साए परिजनों ने थाने पर हंगामा व प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि दो युवकों ने अपहरण के बाद चमन की हत्या की है। मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव पेड़ पर लटका दिया गया। चमन सिंह के पिता शीशपाल सिंह ने बताया कि दो लोगों ने चमन को दो दिन के भीतर जान से मारने की धमकी दी थी। चमन ने पिता व फूफा को धमकी के संबंध में जानकारी दी थी। शव मिलने की सूचना पर सीओ पंकज कुमार त्यागी ने मौका मुआयना किया। सीओ ने बताया कि किशोर का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल जारी है।


विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

● **पीड़ित परिवार ने अपहरण कर हत्या करने की कही बात**

## न्यूज डायरी

### नलकूपों से चोरी करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**रहरा, अमृत विचार :** नलकूपों से चोरी करने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने अंकित पुत्र अशोक व गौतम पुत्र मुन्नू निवासी जेबडा थाना रहरा, अनुज पुत्र मुकेश निवासी ग्राम इकौंदा थाना डिडौली, निशांत पुत्र मलखान निवासी मोहल्ला मंसूरपुर कस्बा उझारी थाना सैद नगली, निपेंद्र पुत्र केशव निवासी ग्राम इस्लामपुर थाना शिवाला कला जनपद बिजनौर, तथा रिफाकत पुत्र रियासत निवासी ग्राम शाहपुर कला थाना हसनपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान पुलिस ने बरामद किया है। आरोपी रेकी करने के बाद चोरी करते थे।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा, दी जान से मारने की धमकी

**गजरौला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोहल्ला अवंतिका नगर निवासी निर्दोष के मुताबिक उसका पति राकेश मोहल्ले में ही निर्माणधीन मकान की देखरेख कर रहा था। तभी मोहल्ले का रहने वाला जुनैद गाली गलौज करने लगा। हंगामा होता देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने पर जुनैद जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसके कुछ देर बाद वह कुछ और अज्ञात लोगों को लेकर आया, और पति के साथ मारपीट की। शोर-शराबा होने पर आए परिवार के लोगों को देखकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बलिदान दिवस पर ईसा मसीह को किया गया याद



**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला हिरन वाला स्थित सेंट जॉन्स चर्च में शुक्रवार की दोपहर सुशील मसीह के द्वारा एक प्रार्थना कराई गई। जिसमें सभी लोगों ने ज्यादातर उपवास रखकर यीशु मसीह की सलीबी मौत को याद किया। उस पाप को मिटाने के लिए पृथ्वी पर मानव शरीर के रूप में यीशु मसीह को आना पड़ा। ईसा मसीह के बलिदान के दिन को गुड फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर सुशील मसीह, शेन मसीह, डेबरा मसीह, राखी मसीह, रोनन मसीह, ओलीवर मसीह, एंजेल, श्वेता, अनुज, आंचल आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित कार 20 फीट नीचे गिरी, सात घायल

**बिजनौर, अमृत विचार :** अफजलगढ़ क्षेत्र में नेशनल हाईवे-734 पर शुक्रवार सुबह अनियंत्रित कार 20 फिट गहरी खाई में चली गई। हादसे में चालक समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, हरियाणा के रोहतक से उत्तराखंड के रामनगर जा रही कार मानियावाला क्षेत्र में बनैली नदी पुल के पास तीव्र मोड़ पर चालक का नियंत्रण कार से हट गया। जिससे कार 20 फिट गहरी खाई में चली गई। हादसे में कार में सवार सात लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने दौड़कर कार में सवार सभी घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। जहां चालक सोनू की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है। घायलों में नैनीताल निवासी खेमचंद, जगदीश, योगेश, दयाल, गिरधारी और आनंद शामिल हैं, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**बिजनौर, अमृत विचार :** नहटौर क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला तकियागाड़ी पूर्वी निवासी प्रीति अरोड़ा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह रवि अरोड़ा के साथ हुआ था। विवाह में उसके परिजनों ने करीब 20 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोटरसाइकिल और सोने-चांदी के जेवर शामिल थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति, सास-ससुर और अन्य परिजनों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में कार और नकद राशि की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## युवक को घेरकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव चाकीखेड़ा निवासी गुड्डू बीती दो अप्रैल को सुबह करीब सात बजे किसी काम से जा रहा था। आरोप है कि पक्का पुल के बराबर में ईंट भट्ठे के पास थाना क्षेत्र के गांव कुमराला के रहने वाले विशाल, बिट्टू और उसके छोटे भाई व बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव गंगदासपुर निवासी भोलू ने रोककर गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर चारों ने अचानक ग्रामीण को घेरकर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी दी है।

# केवाईसी के लिए एजेंसियों पर उमड़ी भीड़

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर में पिछले काफी समय से घरेलू गैस की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे रहा है, वहीं सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष गैस एजेंसियों पर केवाईसी एवं बुकिंग कराने के लिए कतारों में खड़े नजर आए।

आलम यह है कि दस दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वह सुबह से ही परेशानी के बीच लाइन में लग रहे हैं, लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते उपभोक्ता को परेशानी उठानी पड़ी। वही नगर स्थित सचिन इंडियन गैस एजेंसी के द्वारा होम डिलीवरी भी कराई जा रही है जिससे उपभोक्ताओं को कुछ राहत महसूस हो रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की आपूर्ति सुचारू की जाए ताकि जनता को इस मानसिक और शारीरिक परेशानी से निजात मिल सके।



गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

# हिस्ट्रीशीटर और टॉप टेन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** एसपी लखन सिंह यादव ने शुक्रवार को थाना अमरोहा देहात का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का गहन जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालय अभिलेखों, पीआरवी रूट चार्ट, अपराध रजिस्टर और ड्यूटी रजिस्टर की जांच की। साथ ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम की व्यवस्था को परखा और कैमरों की लाइव फीड देखी। उन्होंने प्रमुख तिराहों, चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। त्योहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। थाना परिसर में खड़े लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। एसपी ने टॉप-10 अपराधियों की सूची की समीक्षा कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। महिला संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया। इसके साथ ही परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण पर भी जोर दिया।


थाने का निरीक्षण करते एसपी लखन सिंह। ● अमृत विचार

### आईजीआरएस शिकायतों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**अमरोहा, अमृत विचार :** एसपी लखन सिंह यादव ने पुलिस कार्यालय सभागार में आईजीआरएस से संबंधित एक गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में जनपद के सभी थानों में नियुक्त आईजीआरएस टीम के सदस्य मौजूद रहे। शुक्रवार को एसपी कार्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान एसपी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा**

**प्रपत्र-4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशक का स्थान | : बरेली |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : हरि ओम गुप्ता |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 35, राधा कुंज, फेज-1, निकट ग्रीन पार्क, बरेली |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : हरि ओम गुप्ता |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 35, राधा कुंज, फेज-1, निकट ग्रीन पार्क, बरेली (उ.प्र.)- 243006 |
| 5. | सम्पादक का नाम | : राजेश श्रीनेत |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 3/332, विश्वास खंड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)- 226010 |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : 1. डॉ. वरूण अग्रवाल 2. डॉ. अर्जुन अग्रवाल रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली |

मैं हरिओम गुप्ता एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

तारीख : 4 अप्रैल 2026

हस्ताक्षर
हरिओम गुप्ता
मुद्रक / प्रकाशक

अमृत विचार

मुरादाबाद, शनिवार, 4 अप्रैल 2026 संभल-चन्दौसी

## न्यूज ब्रीफ

### प्रथम सेनाध्यक्ष सैम मानेकशॉ की जयंती मनाई

**चंदौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति के तत्वावधान में प्रथम सेनाध्यक्ष एवं फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जयंती कृष्णानगर गली नंबर दो में मनाई गई। कवि माधव मिश्र ने कहा कि सैम मानेकशॉ ने भारतीय सेना को सक्षम बनाया और 1965 एवं 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें फील्ड मार्शल के पद से सम्मानित किया गया। वे भारत के पहले फील्ड मार्शल थे। अध्यक्षता ब्रह्मचारी स्वामी योगेश्वर स्वरूप ने की व संचालन बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने किया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा, ओम शंखधार, कल्याण सिंह, रामकिशोर अग्रवाल, दिनेश चन्द्र गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, वेदराम मौर्य, आनन्द प्रकाश यादव, ललित शर्मा, अरविन्द कुमार, नत्थू सिंह आदि मौजूद रहे।

### बिजली का तार गिरने बीघा गेहूं की फसल राख

**ओबरी/संभल, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नरेठा मोहम्मदपुर निवासी अमर सिंह ने बताया कि शाहपुर मार्ग पर उनके खेत के पास से बिजली की लाइन गुज़र रहीं हैं। जर्जर हालत हाइटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। इससे तेज़ चिंगारी निकली जिसने उसकी गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। तेज़ हवा के साथ आग बढ़ने से उसके भाई कुंवरसेन, दीपक और नोबत सिंह के खेत में पकी खड़ी गेहूं की फ़सल को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे किसानों ने अमरोहा जिले के चोधरपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराने के बाद किसी तरह मिट्टी धूल और कपड़ों से आग पर काबू पाया। जब तक चारों किसानों के करीब पांच बीघा गेहूं की फसल जल चुकी थी।

### बहजोई में आज से होगी श्रीराम कथा

**संभल/बहजोई , अमृत विचार :** बहजोई के बड़ा मैदान पर आज 4 अप्रैल से शुरू होने वाली महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज की पांच दिवसीय श्रीराम कथा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कथा की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयोजन समिति के अनुसार महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज द्वारा 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा।

# मासूम की मौत के बाद अवैध क्लीनिक सील

- छापामार कार्रवाई की सूचना मिलते ही भाग गया झोलाछाप
- झोलाछाप के इंजेक्शन से हुई थी बच्चे की मौत

संवाददाता, सौंधन

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के करनपुर कायस्थ गांव निवासी तीन वर्षीय बच्चे की झोलाछाप के इंजेक्शन से मौत हो गई थी। इसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी के क्लीनिक को सील कर दिया। आरोपी झोलाछाप मौके से फरार हो गया।

करनपुर कायस्थ निवासी संजय अपने तीन वर्षीय बेटे मोहित को बुखार आने पर इलाज के लिए सौंधन लेकर आए थे। आरोप है कि यहां झोलाछाप अनिकेत ने बिना किसी जांच के बच्चे को इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। परिजन बच्चे को आनन-फानन में संभल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मोहित की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने क्लीनिक पर पहुंचकर हंगामा किया तो झोलाछाप क्लीनिक छोड़कर फरार हो गया था। गुरुवार को हुई इस घटना के बाद शुक्रवार को नोडल अधिकारी मनोज चौधरी के निर्देश पर चिकित्सा अधिकारी चन्द्रशेखर त्यागी ने कार्रवाई करते हुए सौंधन स्थित आरोपी के क्लीनिक को सील कर दिया। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है और फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## परिजन हरियाणा गए थे, घर पर अकेला था मोहम्मद हसनैन

# ऑनलाइन गेम के शौकीन किशोर ने फंदे पर झूलकर दी जान

- मौके पर पहुंची पुलिस और सर्विलांस टीम ने जुटाए सबूत कब्जे में लिया मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** जनपद संभल में बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में 17 वर्षीय किशोर ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। पता चला है कि सैलून पर काम करने वाला किशोर पबजी गेम खेलने का शौकीन था और पिछले कुछ दिन से तनाव था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मोहम्मद हसनैन।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस और फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

किशोर को मोबाइल कब्जे में लेने के साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं।

गांव जनेटा निवासी मोहम्मद हसनैन (17) पुत्र इमामी चंदौसी कस्बे में एक हेयर कटिंग सैलून पर कार्य करता था। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार हसनैन मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने का शौकीन था। वह बीते कुछ दिनों से मानसिक तनाव में भी चल रहा था। गुरुवार रात किसी समय हसनैन ने घर के कमरे में गमछे से फंदा बनाकर उससे लटक कर आत्महत्या कर ली।

घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह उस समय हुई जब उसके साथ सैलून पर काम करने वाला युवक अरशद उसे लेने घर पहुंचा। कई बार दरवाजा खटखटाने और फोन करने के बावजूद जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसे शक हुआ। इसके बाद उसने दरवाजे के सुराख से अंदर झांककर देखा तो हसनैन फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया। यह देख उसके होश उड़ गए। अरशद ने तत्काल आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतक का मोबाइल फोन भी जांच के लिए कब्जे में लिया गया है, जिससे घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। फिलहाल परिजनों की ओर से किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई है।

### चंडीगढ़ गये थे माता पिता और परिजन

**चंदौसी।** हसनैन के माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य चंडीगढ़ गए हुए थे। जानकारी के अनुसार राज मिस्त्री का काम करने वाले उसके बड़े भाई मोहम्मद सैन को काम के दौरान चोट लग गई थी, जिसे देखने के लिए परिवार के लोग वहां गए थे। घटना की सूचना हसनैन के चचेरे भाई तस्लीम द्वारा उन्हें दी गई, जिसके बाद परिजन चंडीगढ़ से वापस लौट रहे हैं। हसनैन सात भाई-बहनों में से एक था, जिनमें पांच बहनें हैं। दो बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि एक बहन की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है।

# बहजोई में दो घरों से लाखों का सामान ले गए चोर

## दिन में डीआईजी ने की थी पैदल गश्त, रात में हो गई चोरी की घटना, लगातार हो रही घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** बहजोई कस्बा क्षेत्र के चितौरा रोड नई बस्ती में एक बार फिर चोरों ने दस्तक देकर पुलिस की नींद उड़ा दी। गुरुवार मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए करीब तीन लाख रुपये की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। लगातार हो रही घटनाओं से जहां लोगों में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

मकान स्वामी रहीश सैफी रात में अपने घर की छत पर सो रहे थे। इसी दौरान चोर घर के अंदर घुस गए और कमरे में रखी करीब एक लाख रुपये की नकदी के साथ सोने-चांदी के आभूषण समेट लिए। चोरों ने घर के अंदर अलमारियां और बक्से खंगाल डाले। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और कीमती सामान गायब मिला, जिससे हड़कंप मच गया। चोरों ने इसी मोहल्ले में एक अन्य घर को भी निशाना बनाया। अब्दुल अजीज के घर से करीब 10 हजार रुपये की नकदी, दो हजार रुपये के नोटों का हार, कपड़े और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया। दोनों ही घटनाओं से साफ है कि चोरों ने पूरी योजना के साथ वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ ही संदिग्धों की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। कार्यवाहक थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि दो घरों में चोरी की घटना सामने आई है, मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा।



बहजोई में चोरी के बाद बिखरा सामान दिखाता गृहस्वामी। ● अमृत विचार

**शाम को डीआईजी ने की फुट पेट्रोलिंग, रात में हो गई चोरी :** जनपद में कानून व्यवस्था को लेकर एक ओर जहां पुलिस सक्रिय है, वहीं दूसरी ओर अपराधी बेखौफ दिखाई दे रहे हैं। मुरादाबाद रेंज के डीआईजी मुनिराज जी ने गुरुवार को पुलिस फोर्स के साथ कस्बा क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। इसके बावजूद उसी रात चोरी की वारदात हो गई, जिससे पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में पुलिस की मौजूदगी तो दिखती है, लेकिन रात के समय गश्त कमजोर पड़ जाती है, जिसका फायदा उठाकर चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस जुटी है।



चोरी की घटना के बाद जांच करती पुलिस और फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

### चार माह पूर्व हुई घटनाओं का खुलासा नहीं

करीब चार महीने पहले भी इसी मोहल्ले में उरमान मलिक, अकलीम, मास्टर सफीक और शेर मोहम्मद के घरों में चोरी** हुई थी, जिसमें लगभग 20 लाख रुपये का सामान पार हो गया था। उन घटनाओं का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे लोगों में पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रात में गश्त की कमी के चलते चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने, संदिग्धों की निगरानी करने और जल्द से जल्द चोरी** की घटनाओं का खुलासा करने की मांग की है, ताकि इलाके में सुरक्षा का माहौल बहाल हो सके।

# डीएम ने गोआश्रय स्थलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने शुक्रवार को गो आश्रय स्थल घासीपुर एवं आनंदपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले घासीपुर गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नेपियर घास लगाने के लिए मिट्टी का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। साथ ही गोशाला परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और तालाब की स्थिति सुधारने को लेकर भी निर्देशित किया। उन्होंने आश्रय स्थल से संबंधित भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए भी अधिकारियों को कार्रवाई करने को कहा। इसके बाद जिलाधिकारी ने आनंदपुर गो आश्रय स्थल में गौशाला के पास मार्ग के चौड़ीकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बहजोई के बड़ा मैदान में 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक आयोजित होने वाली श्री राम कथा स्थल का भी जायजा लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय सहित आदि मौजूद रहे।



बहजोई में निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

# आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्चे पर किया हमला

- बच्चा गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, ओबरी/संभल

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव में शुक्रवार सुबह आवारा कुत्तों के झुंड ने एक 5 वर्षीय बालक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बालक की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी-डंडों के सहारे कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार हीरापुर निवासी रमेश का 5 वर्षीय पुत्र कुश शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे घर से खेलने के लिए निकला था। जैसे ही वह घर से कुछ दूरी पर पहुंचा, तभी आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया। कुत्तों के दौड़ाने पर बालक घबराकर गिर पड़ा, जिसके बाद झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों से कुत्तों को खदेड़कर बालक को छुड़ाया। कुत्ते उसके शरीर का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा गंभीर रूप से जख्मी कर चुके थे। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोटा में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# यीशु के सात वचनों पर हुआ चिंतन

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** बहजोई के डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मेथोडिस्ट चर्च में पवित्र गुड फ्राइडे के अवसर पर खास प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर दिए गए बलिदान की स्मृति में चालीस दिन के उपवास के अंतिम दिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चली।

प्रार्थना सभा के दौरान प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर कहे गए सात वचनों पर गहन चिंतन किया गया। इन वचनों ने पूरे सभागार को श्रद्धा, मौन और आत्मविश्लेषण के भाव से भर दिया। ग्लोबल मेथाडिस्ट चर्च के प्रेसिडिंग एल्डर रेव्ह्यू डॉ. राहुल उठवाल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का क्रूसीय बलिदान केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि प्रेम, क्षमा, सेवा और आत्मसमर्पण का अनन्त संदेश है। उन्होंने पहले वचन हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं, पर अपने विचार व्यक्त किए। दूसरे वचन आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा, को अंजली ने प्रस्तुत किया। अंत में देश की शांति, एकता, प्रेम और उन्नति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में चर्च परिवार के अनेक सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें कोमल, सामर्थ, कनक, अंजली, रोशनी, सारा, अर्जुन, मुस्कान, विनती, श्रद्धा, शिफा, अमायरा, चुनमुन, बेबी रोबिनसन, आकांक्षा रोबिनसन, सैलीन मसीह, सीमा टॉड, पूजा, अमोस, खुशी, ममता, अर्णव और विजय पीटर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



बहजोई के चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान मौजूद ईसाई समुदाय से जुड़े लोग।

# राइजिंग स्टार ने सुपरनोवा को छह विकेट से हराया





विजेता टीम को पुरस्कार देते क्रीडा भारती के जिला महामंत्री गौरव शर्मा।

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में टीचर प्रीमियर लीग का आठवां वां मैच शुक्रवार को पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड सुपरनोवा और राइजिंग स्टार के मध्य खेला गया। जिसमें राइजिंग स्टार ने सुपरनोवा को छह विकेट से हरा दिया।

राइजिंग स्टार ने टास जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सुपरनोवा ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 131 रन ही बनाए। सुपरनोवा की ओर से अनुज सिंह ने 41 नाबाद, मनोज ने 33 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए राइजिंग स्टार की टीम ने 14.4 ओवर में 6 विकेट से विजय प्राप्त कर ली राइजिंग स्टार की ओर से राजीव ने 32 नाबाद, संजय ने 25, मनीष बेनीवाल ने 21, अनिल कपूर ने 21 रनों का योगदान दिया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, दूसरा गंभीर

**बबराला अमृत विचार:** बदायूं-मेरठ स्टेट हाईवे पर गुन्नौर थाने से चंद कदम दूर पुलिया पर तेज रफ्तार कैंटर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बताया कि दोनों लोग गुरूवार देर रात बदायूं जिले के गांव करियामई में एक लग्न समारोह से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बाइक पर पीछे बैठे वृद्ध को मृत घोषित कर दिया।



मृतक रायसिंह।

# निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मण्डल की युवा इकाई ने निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। निजी स्कूलों द्वारा जबरन महंगी प्राइवेट किताबें, कॉपियां एवं निर्धारित दुकानों से ही स्कूल ड्रेस खरीदने के दबाव के खिलाफ व्यापारियों ने आवाज उठाई।

प्रदर्शन के दौरान युवा व्यापारियों ने विरोध दर्ज कराने के लिए प्रतीकात्मक रूप से किताबों और कॉपियों को तराजू पर रखकर रुपयों के साथ तोला। इस प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने यह संदेश देने का प्रयास किया कि शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है और किताबों-कॉपियों को सोने के भाव बेचा जा रहा है। युवा व्यापारियों ने कहा कि निजी विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। निर्धारित दुकानों से ही सामग्री खरीदने की बाध्यता पूरी तरह अनुचित है और इससे स्थानीय व्यापारियों का भी नुकसान हो रहा है। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि निजी स्कूल संचालकों की मिली भगत से बुक सेलर ने कोर्स में लूट मचा रखी है। पिछले वर्ष जिलाधिकारी ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कार्यवाही कर एक एक लाख जुर्माना डाला था, इसके बाद भी स्कूल संचालकों को होसले बुलंद है। 40 से 50 प्रतिशत तक की कमीशन खोरी चल रही है। अधिकांश स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों को नहीं लगाया गया है। नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि विद्यालयों द्वारा तय दुकानों से ही किताबें, कॉपियां और ड्रेस खरीदने का दबाव पूरी तरह गलत है। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर मयंक वार्ष्णेय चिंकल, अमित वार्ष्णेय, हर्षित गौड़, अंशुल वार्ष्णेय, गोविन्द वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता मौजूद रहे।



निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** गुन्नौर के प्रसिद्ध खेरेश्वर मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर के महंत रामगिरी महाराज ने करीब 50 बीघा भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

महंत रामगिरी महाराज का कहना है कि मंदिर से सटी इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही है, साथ ही कई स्थानों पर स्थायी निर्माण भी कर लिए गए हैं। उन्होंने इसे धार्मिक आस्था से जुड़े स्थल के साथ अन्याय बताते हुए चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और जटिल हो सकती है। महंत ने बताया कि हाल ही में गौशाला के उद्घाटन समारोह में पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने भूमि की पैमाइश कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन तहसील प्रशासन की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि भूमि की पैमाइश कराकर स्थिति स्पष्ट की जाए और अवैध कब्जों को हटाया जाए। ताकि मंदिर की संपत्ति सुरक्षित रह सके। महंत रामगिरी महाराज ने यह भी सुझाव दिया कि कब्जा मुक्त कराई गई भूमि का उपयोग समाज हित में किया जा सकता है।



महंत रामगिरी महाराज।

# भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में संगठन की मजबूती पर दिया जोर, कार्यकर्ता सम्मानित

संवाददाता, असमोली

**अमृत विचार:** असमोली मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दुर्गा डिग्री कॉलेज, खासपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी की विचारधारा व जनसेवा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

शिविर के दौरान कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की नीतियों, कार्यप्रणाली और जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता मुनीश अग्रवाल, द्वितीय सत्र की विक्रांत ठाकुर, तृतीय सत्र की अमित कुमार वाल्मीकि, चतुर्थ सत्र की यशदीप गुप्ता, पांचवें सत्र की वीरेंद्र यादव तथा छठवें सत्र की अध्यक्षता महावीर प्रधान ने की। अंतिम सत्र में भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हरिओम शर्मा ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, योगेंद्र त्यागी, डॉ. नरेंद्र सिंह, राजेश शंकर राजू, सौरभ गुप्ता, सनी चौधरी और विशाल चौहान सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रोहित पंवार, पंकज गोस्वामी, देवेन्द्र प्रताप पाल, मनोज पाल, महावीर सिंह, अमित कुमार, विनोद प्रजापति, नेहा सैनी, डोली, मनोहर सैनी, सुशील वाल्मीकि, गौरव शर्मा, विनय शर्मा, राजेंद्र पाल, फूल कुंवर प्रजापति एवं डॉ. इंद्रजीत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





सम्मानित किये गये कार्यकर्ता व मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

